


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14, अंक - 91 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शुक्रवार 13 जनवरी 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## पानी में तैरता फाइव स्टार होटल है यह जहाज, 51 दिन की यात्रा पर हुआ रवाना

- गंगा विलास क्रूज को पीएम नरेन्द्र मोदी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**वाराणसी ( एजेंसी )।** वाराणसी ने बांग्लादेश की यात्रा के लिए पानी का फाइव स्टार होटल आज रवाना हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वर्चुअल कार्यक्रम के जरिए गंगा विलास क्रूज को हरी झंडी दिखाकर 51 दिनों की यात्रा के लिए रवाना किया। गंगा विलास क्रूज वाराणसी के रविदास घाट से 31 यात्रियों को लेकर रवाना हुआ। 51 दिनों की यात्रा पर निकला यह क्रूज इस दौरान 50 जगहों से होकर गुजरेगा, जिसमें पर्यटकों को न सिर्फ गंगा के किनारे दिखेंगे, बल्कि यहां की संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी।

गंगा विलास क्रूज में जिम, स्पा सेंटर, लेक्चर हाउस, लाइब्रेरी है। 40 क्रू मेंबर भी क्रूज में सवार लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए रहेंगे। गंगा विलास क्रूज में 31 यात्रियों को फाइव स्टार होटल से ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। इस जहाज को विशेष रूप से वाराणसी और गंगा बेल्ट के धार्मिक पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ डिजाइन किया गया है।



### लग्जरी सुविधाओं से लैस है क्रूज

गंगा विलास क्रूज उच्च तकनीक सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और पूर्ण लक्जरी सुविधाओं से भी सुसज्जित है। यात्रा उबाऊ न हो, इसलिए क्रूज पर संगीत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जिम आदि की सुविधाएं होंगी। क्रूज की सवारी के लिए हर दिन का किराया 50000 रुपए तय किया गया है। 51 दिन के सफर के लिए लगभग 25 लाख रुपए खर्च करना होगा। पर्यटक इस क्रूज की टिकट वेबसाइट के माध्यम से बुक कर सकते हैं। गंगा विलास क्रूज में स्विस और जर्मन मेहमान भी शामिल हैं।

### 3200 किमी की यात्रा

गंगा विलास क्रूज की यह यात्रा कुल 3200 किलोमीटर की होगी। 51 दिनों की यह यात्रा भारत और बांग्लादेश की 27 नदी प्रणालियों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा विश्व धरोहर से जुड़े 50 से अधिक स्थानों पर रुकेगी. यह सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान सहित जलयान राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों से भी गुजरेगा।

## खास खबर...



### शरद यादव के निधन पर सीएम बघेल ने जताया दुख, ट्वीट की पुरानी तस्वीर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जदयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव के निधन पर गहरा दु:ख जताया है। शुक्रवार को उन्होंने अपने ट्विटर हैंडल पर पुरानी तस्वीर शेयरकर भावुक संदेश लिखा है। ट्वीट कर उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा के पुरोधा और हमारे समय के सबसे सुलझे नेताओं में से एक शरद यादव जी का जाना अत्यंत दुखद ख़बर है। वे मेरे राजनीतिक अभिभावक थे। मैंने सामाजिक न्याय का पाठ उनसे ही सीखा ।ईश्वर उनके परिजनों को दुख की यह घड़ी सहने की शक्ति प्रदान करें।

### मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में ओपीडी अब सुबह 9 से शाम 5 बजे तक

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के सरकारी मेडिकल कॉलेजों में डॉक्टर अब शाम पांच बजे तक मरीजों यानी वाह्य रोगी विभाग में देखेंगे। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की अध्यक्षता में गुरुवार दिन भर चली बैठक में यह तय हुआ है। बैठक में सभी मेडिकल कॉलेजों ने सुबह 9 बजे से शाम पांच बजे तक ओपीडी संचालित करने की सहमति दी। इलाज के लिए सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पंजीयन कराया जा सकेगा।

रायपुर के नवीन विश्रामगृह में प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन और अस्पताल अधीक्षकों के साथ स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने चर्चा की। इस दौरान उन्होंने बैठक में मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञों, डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ को मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध सभी अस्पतालों में सभी तरह की दवाईयां पर्याप्त मात्रा में रखने कहा ताकि किसी भी मरीज को बाहर से दवा न खरीदना पड़े।

### छत्तीसगढ़ सरकार की योजना : तुंहर सरकार तुंहर द्वार.....

## घर बैठे ही लोगों को मिल गए अब तक 16 लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड

- ड्राइविंग लायसेंस और आरसी के लिए बार-बार चक्कर लगाने से मिली मुक्ति
- परिवहन विभाग द्वारा हेल्पलाईन नम्बर 75808-08030 जारी

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा नई सुविधा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जून 2021 से अब तक 16 लाख 12 हजार 569 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 10 लाख 97 हजार 756 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 05 लाख 14 हजार 813 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं।

परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।

### हेल्पलाइन नंबर पर कर सकते हैं कॉल

परिवहन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 'तुंहर सरकार, तुंहर द्वार' सेवा को और अधिक सुलभ बनाने के लिए विभाग द्वारा एक हेल्पलाईन नम्बर 75808-08030 जारी किया गया है, जो सभी कार्य दिवसों में प्रात: 10 बजे से शाम 5.30 बजे तक कार्य करते हुए जानकारी प्रदान करता है। आवेदक www.parivahan.gov.in पर जाकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उक्त हेल्पलाइन नम्बर पर फोन करके आवेदक अपने ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रमाण पत्र के प्रेषण संबंधी समस्त जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अभी औसतन प्रतिदिन 100 कॉल आ रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से ड्रायविंग लाइसेंस एवं पंजीयन प्रक्रिया, टैक्स एवं फीस संबंधी जानकारी प्राप्त कर रहे हैं।

## नहीं रहे शरद यादव, फोर्टिस हॉस्पिटल में ली अंतिम सांस

- राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री सहित दिग्गजों ने दी श्रद्धांजलि



**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** जदयू के पूर्व अध्यक्ष शरद यादव का 75 साल की उम्र में गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर एंबुलेंस में अस्पताल से रवाना हो गया है। आज उनका पार्थिव शरीर छतरपुर में स्थित 5 वेस्टर्न (डीएलएफ) आवास पर दर्शन के लिए रखा जाएगा। शरद यादव के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर अन्य बड़े नेताओं ने शोक जताया है।

शरद यादव 70 के दशक में कांग्रेस विरोधी लहर में राजनीति में ऊपर उठे और दशकों तक प्रमुख विपक्षी चेहरे के तौर पर बने रहे। उन्होंने लोकदल और जनता पार्टी के जरिए करियर को आगे बढ़ाया। शरद यादव ने जयप्रकाश नारायण से लेकर, चौधरी चरण सिंह, राजीव गांधी और अटल बिहारी वाजपेयी के साथ भी लंबे समय तक राजनीति की। शरद यादव कुल सात बार लोकसभा सांसद चुने गए और तीन बार राज्यसभा सांसद बने। इस दौरान वे केंद्र में वीपी सिंह की सरकार से लेकर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी मंत्री रहे।

शरद यादव 1989-90 में टेक्सटाइल और फूड मंत्री रहे। उसके बाद 13 अक्टूबर 1999 को नागरिक उड्डयन मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया। 2001 में वे केंद्रीय श्रम मंत्रालय में कैबिनेट मंत्री बने। एक जुलाई 2002 से 15 मई 2004 तक केंद्रीय उपभोक्ता मामले मंत्री, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री भी बनाए गए।

शरद यादव बिहार के मधेपुरा सीट से चुनाव लड़ा और 1991, 1996, 1999 और 2009 में इस सीट से चुनाव जीते। शरद ने 1999 में लालू यादव को हराकर सभी को चौंकाया था।

## गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग कर रहे हैं पाकिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन

- भारत के साथ मिलाए जाने की मांग, सरकार पर भेदभाव का आरोप

**नईदिल्ली ( एजेंसी )।** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के सबसे उत्तरी इलाके गिलगित बाल्टिस्तान के लोग पिछले कुछ दिनों से पाकिस्तान के खिलाफप्रदर्शन करते हुए भारत के केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के साथ मिलाए जाने की मांग कर रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी से परेशान इस इलाके के लोग पाकिस्तान सरकार की भेदभावपूर्ण नीतिओं से तंग आ गए हैं और अब भारत के साथ आने के लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि दशकों तक पाकिस्तान की सरकारों ने उनके साथ भेदभाव किया और उनके क्षेत्र का शोषण किया।

सोशल मीडिया पर प्रदर्शन से जुड़े कई वीडियो सामने आ रहे हैं जिसमें देखा जा सकता है कि गिलगित-बाल्टिस्तान (जीबी) के लोग भारी संख्या में सड़कों पर निकलकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लोग मांग कर रहे हैं कि लद्दाख के कारगिल जिले में सकरदू कारगिल रोड को फिर से खोला जाए। उनकी मांग है कि लद्दाख में उनके जो बाल्टिस्तान के लोग रहते हैं, उन्हें उनके साथ मिलकर रहने दिया जाए।



पिछले कई दिनों से जारी इस विरोध प्रदर्शन में लोग मांग कर रहे हैं कि पाकिस्तानी सरकार ने जो उनकी जमीनों पर अवैध कब्जा किया है, उसे खत्म किया जाए। उनके क्षेत्र में प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को रोका जाए। उनकी एक मांग ये भी है कि सरकार गेहूं सहित सभी जरूरी समानपर उन्हें सब्सिडी दे।

## सिकंदराबाद-विशाखापट्नम के बीच चलेगी देश की आठवीं वंदेभारत एक्सप्रेस, 19 को पीएम मोदी दिखाएंगे हरी झंडी

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** देश की सेमी हाईस्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस धीरे-धीरे पूरे देश को कवर रही है। अब तक देश में 7 वंदेभारत एक्सप्रेस दौड़ रही है। इस बीच अच्छी खबर है कि देश की आठवीं वंदे भारत एक्सप्रेस का भी ऐलान हो गया है। यह ट्रेन तेलंगाना के सिकंदराबाद से आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के बीच चलेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 19 जनवरी को इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे।



सिकंदराबाद से विशाखापट्नम के बीच यह ट्रेन 702 किमी की दूरी 8.30 घंटे में तय करेगी। सिकंदराबाद से विशाखापट्नम के बीच यह ट्रेन केवल तीन जगह रुकेगी। वारंगल, विजयवाड़ा व राजमुंदरी में इस ट्रेन का ठहराव दिया गया है। यह दक्षिण भारत की दूसरी और देश की आठवीं वंदेभारत ट्रेन होगी। दक्षिण भारत की पहली वंदेभारत ट्रेन मैसूरू से चेन्नई के बीच चल रही है। इस ट्रेन की औसत रफ्तार करीब 82 किमी होगी। यह ट्रेन विशाखापट्टनम से सुबह 5.45 बजे चलेगी और दोपहर बाद 14.15 बजे सिकंदराबाद पहुंचेगी। वापसी में यह 14.45 बजे सिकंदराबाद से रवाना होगी और रात 23.15 बजे विशाखापट्टनम पहुंचेगी।

कहां-कहां चल रही वंदे भारत

देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस नई दिल्ली से वाराणसी के बीच 2019 में शुरू की गई थी। दूसरी ट्रेन नई दिल्ली से कटड़ा (वैष्णो देवी) के बीच चलाई गई थी। इसके बाद दूसरी ट्रेन मुंबई से अहमदाबाद के बीच शुरू हुई थी। इसके बाद दिल्ली से अंदौरा (हिमाचल) के बीच तीसरी ट्रेन शुरू हुई। इसके बाद मैसूर-चेन्नई, बिलासपुर-नागपुर और हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी के बीच इन ट्रेनों को शुरू किया गया है। बता दें सरकार ने आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर देश भर में 75 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की योजना बनाई है। इस वर्ष 27 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का लक्ष्य है। बताया जा रहा है कि पहली 75 वंदेभारत ट्रेनों में चेयरकार डिब्बे होंगे और उसके बाद बनने वाली ट्रेनों में स्लीपर डिब्बे लगाए जाएंगे। यानी उन ट्रेनों में पैसेंजर सोकर यात्रा कर सकेंगे।

## छत्तीसगढ़ में बदलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का चेहरा

श्रीकंचनपथ

गुस्ताखी माफ - दीपक रंजन दास

छत्तीसगढ़ की आबादी के हिसाब से यहां अस्पताल और डाक्टरों की पर्याप्त संख्या है। फिर भी लोग इलाज को लेकर परेशान रहते हैं. अधिकांश अस्पतालों में दोपहर एक बजे के बाद कोई डाक्टर नहीं मिलता। इनमें सरकारी और निजी दोनों प्रकार के अस्पताल शामिल हैं. इसका असर मेडिकल स्टोर्स पर भी पड़ता है। भिलाई के नेहरू नगर इलाके में दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक दवा दुकानें भी बंद ही रहती हैं। लोग अपना इलाज एक ही डाक्टर से करवाना पसंद करते हैं. पर डाक्टर को पकड़ने के लिए उसे न केवल मुहूर्त निकालना पड़ता है बल्कि घंटों इंतजार भी करना पड़ता है। दिक्कत यह है कि सुबह की ओपीडी में जाने के लिए लोगों को नौकरी से छुट्टी लेनी पड़ती है या फिर अपना काम-काज छोड़ना पड़ता है। शाम को डाक्टर दिखाने का मतलब है उनके क्लिनिक तलाशकर वहां दिखाना। अधिकांश डाक्टरों की क्लिनिक में लंबी कतारें लगती हैं। डाक्टर के आने से भी पहले यहां मरीज आकर बैठ जाते हैं. कहीं-कहीं तो मरीजों को रात 10-11 बजे तक बैठना पड़ता है। यही वजह है कि अधिकांश लोग अपनी बीमारियों को या लंबे समय तक पालते रहते हैं या फिर खुद ही उसका इलाज करने लगते हैं। राज्य शासन ने मरीजों की इस समस्या का संज्ञान लिया है. स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का समय बढ़ा दिया है। अब ओपीडी शाम को भी लगेगी।

सरकारी डाक्टर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक अस्पताल में ही उपलब्ध रहेंगे। इसके बीच में केवल लंच टाइम होगा। डाक्टरों के बैठने का टाइम दोगुना हो जाएगा तो मरीजों की कतारें भी छोटी हो जाएंगी। कोई सुबह तो कोई शाम को दिखा लेगा। ज्यादा से ज्यादा लोगों को ओपीडी सुविधा मिलेगी तो लोगों का समय पर इलाज हो जाएगा। लोग पाल-पोसकर अपनी बीमारियों को बड़ा नहीं बनाएंगे। समय पर इलाज होगा तो न केवल चिकित्सा खर्च कम होगा बल्कि जीवन की गुणवत्ता भी बेहतर बनी रहेगी। पर इसका एक नुकसान चिकित्सकों को हो सकता है। सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कालेजों में चिकित्सकों का वेतन निजी क्षेत्र के मुकाबले लगभग आधा है. चिकित्सकों की निजी प्रैक्टिस के पीछे यह एक भी एक बड़ी वजह है। दूसरे निजी अस्पताल स्वयं अपने चिकित्सकों को दूसरी जगह ओपीडी के लिए प्रोत्साहित करते हैं ताकि वहां से मरीजों को फिल्टर करके अस्पताल तक लाया जा सके। सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक ईमानदारी से निश्चिंत होकर अपना हंड्रेड परसेन्ट दे सकें, इसके लिए शासन को उनके वेतन भत्ते को लेकर संजीदगी से विचार करना पड़ेगा। उन्होंने खुद रास्ता निकालना शुरू कर दिया तो सरकार की मंशा धरी की धरी रह जाएगी।



## संपादकीय

### और बढ़ेगी सर्दी

उत्तर भारत सर्दी से परेशान है, पर मौसम की भविष्यवाणी के अनुसार, कड़ाके की सर्दी तो अभी पड़ने वाली है। आम तौर पर यह माना जाता है कि 14 जनवरी के बाद सर्दी से राहत की शुरुआत हो जाती है, पर इस बार 14 जनवरी से सर्दी की नई लहर आने वाली है। मैदानी इलाकों में तापमान माइनस 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा और ठंड 16 से 18 जनवरी के बीच चरम पर होगी। 'लाइव वेदर ऑफ इंडिया' नामक एक ऑनलाइन मौसम मंच के संस्थापक नवदीप दहिया की भविष्यवाणी की चर्चा हर जगह है और मौसम विभाग भी सर्दी बढ़ने की आशंका से इनकार नहीं कर रहा है। 14 जनवरी से 19 जनवरी तक मैदानी इलाकों में तापमान माइनस चार डिग्री से प्लस चार डिग्री तक रहेगा। धूप कम रह सकती है, जिसकी वजह से अधिकतम तापमान भी ज्यादा नहीं होगा। अभी औसत तापमान 8 से 13 डिग्री के बीच चल रहा है और अगर इसमें चार डिग्री की भी कमी आती है, तो निस्संदेह लोगों को परेशानी होगी। दहिया ने अपने अनुमान में कहा है कि उन्होंने अपने भविष्यवाणी मॉडल में तापमान को इतना नीचे जाते कभी नहीं देखा है। हमें तैयार रहना चाहिए, कोहरा भी अपनी भूमिका निभाएगा। गौर करने की बात है, उत्तर और पश्चिमोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में पहले से ही हाड़ कंपा देने वाली सर्दी और घने कोहरे की चादर बिछी हुई है, इस सप्ताह के शुरू में दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री दर्ज किया गया था। वैसे न्यूनतम तापमान में नाटकीय बढ़त भी देखी जा रही है। यह कभी 9.3 डिग्री भी दर्ज किया जा रहा है, यह सेहत के हिसाब से सही नहीं है। चिंता केवल मैदानी इलाकों के लिए नहीं है, मौसम अधिकारियों ने कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के लिए भी चेतावनी जारी की है। दक्षिण भारत के लिए यह चेतावनी नई बात हो सकती है। यह इस देश की खूबसूरती ही है कि उत्तर भारत में जब कड़ाके की सर्दी पड़ती है, तब दक्षिण भारत में अनेक इलाकों में लोगों को गरम कपड़ों की भी जरूरत नहीं पड़ती। उत्तर भारत को हाड़ कंपाती सर्दी से बचने के हरसंभव जुगाड़ करने पड़ते हैं और पूरी सावधानी बरतते हुए सर्दियों के दिन गुजारने पड़ते हैं। ठंड की वजह से वृद्ध और बीमार लोगों को खासी परेशानी होती है और इन दिनों में हृदयाघात के मामले भी बहुत बढ़ जाते हैं। ऐसे में, मौसम संबंधी भविष्यवाणी का महत्व बहुत बढ़ जाता है। वैसे भी भारतीयों और खासकर उत्तर भारतीयों को अपने जीवन के प्रति ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। थोड़ा भी कोहरा होने लगे, तो सड़कों पर दुर्घटनाओं का सिलसिला बढ़ जाता है। बड़ी संख्या में ट्रेनें रद्द हो जाती हैं। हवाई जहाजों की आवाजाही पर असर पड़ जाता है। खैर, अच्छा हो कि रिकॉर्डतोड़ सर्दी की भविष्यवाणी सच साबित न हो, लेकिन व्यक्ति, समाज और सरकार के स्तर पर इंतजाम में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में विशेष सतर्कता की जरूरत है। लगता है, 19 जनवरी के बाद भी शीतलहर का आलम बना रहेगा। भारतीय मौसम विभाग की वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय भी मानती हैं कि उत्तर-पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ के कारण तापमान में वृद्धि हुई है। 15-16 जनवरी से उत्तर-पश्चिम भारत में शीतलहर की स्थिति फिर से उभरेगी। ऐसे में, बहुत जरूरी होने पर ही लोगों को घर से निकलना चाहिए।

> "गौर करने की बात है, उत्तर और पश्चिमोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में पहले से ही हाड़ कंपा देने वाली सर्दी और घने कोहरे की चादर बिछी हुई है, इस सप्ताह के शुरू में दिल्ली के सफदरजंग मौसम केंद्र में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री दर्ज किया गया था। वैसे न्यूनतम तापमान में नाटकीय बढ़त भी देखी जा रही है।

### ताड़ना केवल सुधार के लिए

नारियों को जिस तरह से भारत में अनादिकाल से मान मिला, वैसा कहीं नहीं मिला। गोस्वामी जी ने जब श्रीरामचरितमानस की रचना शुरू की, तब सबसे पहले नारी का ही नाम लिया। प्रथा तो सबसे पहले गणेश जी की पूजा की है, लेकिन गोस्वामी जी ने कहा कि मैं नारी का पक्षधर हूं, सीता जी के लिए ही जीवन जीता हूं। उनकी वंदना से शुरुआत हुई। महर्षि वाल्मीकि ने तो रामायण का नाम ही सीताचरित रखा है। यहां लक्ष्मी, दुर्गा, सरस्वती, सारी मुख्य शक्तियां देवियां हैं। अपने देश में जब लोकतंत्र आया, तब इंदिरा गांधी को लोगों ने सबसे बड़े पद पर पहुंचाकर आदर दिया, वर्षों तक पद पर रखा। यदि यह धारणा होती है कि नारी तो पीटने ही योग्य है, तो उन्हें कौन प्रधानमंत्री बनाता? भारत में महिला अध्यक्षों को भी पूरी पार्टी के लोग सिर पर लिए रहते हैं। अमेरिका में ऐसा है क्या, चीन में इतने बड़े-बड़े नेता हुए, नारी कहां है, नेताओं की पत्नियां कहां हैं? कहां गईं? दुनिया में नारी को बड़े पद पर चढ़ने नहीं दिया गया, लेकिन हमारे देश में ऐसा नहीं हुआ। जहां जरूरत पड़े, वहां ब्राह्मण और क्षत्रिय की भी ताड़ना होती है, केवल शूद्र की नहीं होती। सुधार के लिए ही ताड़ना होनी चाहिए। यह कोई दूषित परंपरा नहीं है, यह संकीर्णता से जुड़ी परंपरा नहीं है। यहां देखिए कि मंदोदरी का कितना सम्मान है, रावण को शिक्षा देती है। तारा का कितना सम्मान है! जब रामजी ने बाली को मारा, तब पूछा बाली ने कि आपने क्यों मारा?

रामजी ने उत्तर दिया, 'जब तुम्हें मालूम हो गया कि मैं सुग्रीव का पक्षधर हो गया, तब तुम्हें युद्ध नहीं करना चाहिए था। तुमने छोटे भाई की पत्नी को ही रख लिया? जिस पत्नी के साथ एक छत के नीचे तुम रहते हो, मोक्ष के अवलंब के रूप में उसे स्वीकार करते हो, जो घर की संरक्षिका है, जो घर का प्रकाश है, तुमने उसकी सही बात को नहीं माना।

इससे अधिक नारी का सम्मान क्या होगा? इसलिए धर्म में स्त्रियों की बराबर की सहभागिता है। पुरुष जलता है हवन में, तो वह दाहिने हाथ में हाथ लगाती है और पुण्य में आधी भागीदार होती है। गोपियों को समाज ने जाने दिया, तभी तो भगवान कृष्ण की संगत में वे गईं और भक्ति की आचार्य हो गईं। माताओं को समाज ने बहुत बड़ा सम्मान दिया।

ताड़ना के बारे गोस्वामीजी ने लिखा है, केवल सुधार के लिए। ऐसा उदाहरण होना चाहिए कि जिससे दूसरों को समझ में आए। उनमें संकीर्णता का कोई भाव नहीं है। सभी को वह समान भाव से जोड़ते हैं। रामजी निषादराज को गले लगा रहे हैं। सारी दुनिया को सीखना चाहिए कि यह कोई संकीर्ण परंपरा नहीं है। हमारी परंपरा, हमारी शिक्षाएं उज्ज्वल हैं।

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

### भारत को शक्तिशाली बनाओ

यहां से दिल्ली को प्रस्थान करने से पूर्व पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लखनऊ स्थित 400 सैनिकों के समक्ष भाषण करते हुए कहा- "एक आजाद मुल्क के सैनिक की हैसियत से आपका सबसे पहला कर्तव्य यह है कि आप भारत को शक्तिशाली बनायें ताकि सारी दुनिया को पता चल जाय कि कोई भी मुल्क भारत पर आक्त्रस्मण करने का दुस्साहस नहीं कर सकता।

"हमें अपने देश को बाहरी और भीतरी दोनों ही खतरों से बचाना है," नेहरूजी ने आगे कहा। "आजादी मिलने के दिन से ही हमारे सामने बड़ी-बड़ी समस्याएं खड़ी हो गई हैं। इन्हें हल करने के लिए हमें साहस और सहयोग की आवश्यकता है क्योंकि अगर हमारा देश उन्नति करेगा तो हम सब उन्नति करेंगे और यदि वह गिरेगा तो हम सब गिरेंगे।" बड़े पैमाने पर आक्रमण की तैयारी- जम्मू, 2 जनवरी। विश्वस्त सैनिक सूत्रों से विदित हुआ है कि अब जब कि भारत सरकार ने काश्मीर के मामले को सुरक्षा परिषद में भेज दिया है, जम्मू प्रान्त के हर भाग से आक्रमणकारियों को चुन चुनकर बाहर निकालने के लिए बड़े पैमाने पर आक्रमण किया जा रहा है। यू.पी.आई. को पता चला है कि जम्मू में हवाई जहाज से और भी सैनिक उतारे गए हैं तथा इस सप्ताह के भीतर ही भीतर जम्मू में और कुमुक भेजी जायेगी।

> "भारतीय फिल्मों और गीत-संगीत के लिए यह जश्न का समय है। 'नाटु-नाटु' को मिला गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड संकेत है कि हमारी फिल्मों की मान्यता विदेश में बढ़ती जा रही है।

# हिन्दुस्तानी फिल्मों की वैश्विक खुमारी

जयंती रंगनाथन

यह खुमारी अभी जल्दी उतरने वाली नहीं है। आरआरआर फिल्म के लिए संगीतकार एम एम कीरवाणी को मिला सर्वश्रेष्ठ मूल गीत का अंतरराष्ट्रीय ग्लोडन ग्लोब पुरस्कार एक खबर भर नहीं है। जिस तरह से भारतीय फिल्में अंतरराष्ट्रीय बाजार में नाम व पैसा कमाने लगी हैं, यह उसी क्रम में आगे बढ़ने की ओर एक सशक्त कदम है। आरआरआर पिछले साल की देश-विदेश में नाम कमाने वाली सबसे सफल फिल्म है। 'बॉलीवुड मूवी रिव्यू डॉट कॉम' के अनुसार, इस फिल्म ने वर्ल्ड वाइड 1,069 करोड़ रुपये की कमाई की है। इन आंकड़ों में जापान से ही 24 करोड़ की कमाई भी है। पहली बार जापान में किसी भारतीय फिल्म ने इतनी बड़ी कमाई की है। चीन, अमेरिका, ब्रिटेन और मध्य-पूर्व तो भारतीय फिल्मों के लिए बड़ा बाजार पहले ही बन चुका है। आंकड़ों की मानें, तो 2017 से भारतीय फिल्मों की ओवरसीज में कमाई तीन गुना बढ़ी है।

कुछ वर्षों पहले तक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाले सितारे थे, दक्षिण के सुपरस्टार रजनीकांत और हिंदी फिल्मों के तीनों खान- आमिर, सलमान व शाहरुख। पिछले साल से इसमें एक बड़ा बदलाव आया है। बाहुबली-2 के बाद केजीएफ चैप्टर-2 और आरआरआर ने सबसे अधिक कमाई की है। वैसे भी पिछला साल दक्षिण की फिल्मों के नाम रहा है, जो लोकप्रियता व कमाई के लिहाज से हर सूरत में बॉलीवुड को पछाड़ती नजर आई हैं। आरआरआर के इस गाने ने ऑस्कर अवॉर्ड के 'अकादमी 15 सॉन्ग शॉर्टलिस्ट' में भी अपनी जगह बना ली है। हो सकता है, इस महीने के अंत में होने वाले इस समारोह में यह फिर से बाजी जीत ले जाए। इस फिल्म की कामयाबी का एक नमूना कुछ दिनों पहले अमेरिका के चाइनीज थियेटर में देखने को मिला। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड से पहले इस फिल्म की स्क्रीनिंग के टिकट महज 90 सेकंड में बिक गए और पूरे तीन घंटे दर्शक फिल्म के दृश्य, नाच व गाने देखकर तालियां बजाते रहे। फिल्म देखने के बाद हॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता जेजे अब्राहम ने कहा, 'यह फिल्म देखना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। ऐसा लग रहा था, जैसे मैं दूसरी दुनिया में पहुंच गया हूं। निस्संदेह, राजमौली हमारे समय के एक अद्वितीय निर्देशक हैं।'




तेलुगु फिल्मों से अपनी जमीन बनाने वाले एसएस राजमौली की एक खास बात रही है। उन्होंने कभी ढर्रे की फिल्में नहीं बनाईं। उनकी शुरुआती फिल्मों- विक्रमकुडु, मगधीरा, मर्यादा रामन्ना और ईगा ने दक्षिण में खूब धूम मचाई। जिन दिनों वह बाहुबली द बिगनिंग बना रहे थे, तब उनको लगा कि उन्हें अपनी फिल्मों को दक्षिण तक सीमित नहीं करना चाहिए। यह उनकी अति महत्वाकांक्षी और बड़ी बजट की फिल्म थी। उन्होंने हिंदी फिल्मों के नामी निर्माता-निर्देशक करण जौहर से हाथ मिलाया और बाहुबली के हिंदी डब्ड वर्जन ने दक्षिण के साथ-साथ हिंदी पट्टी में भी कामयाबी का झंडा फहरा दिया। बाहुबली के बाद जब वह आजादी की लड़ाई की पृष्ठभूमि में बनी आरआरआर की तैयारी कर रहे थे, उनके दिमाग में स्पष्ट था कि इस फिल्म को ग्लोबल बनाना है। उन्होंने हिंदी फिल्मों के दो बड़े नाम अजय देवगन और आलिया भट्ट को भी अपनी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिकाओं में लिया, ताकि इसका स्वाद सिर्फ दक्षिण का न रहे। यही नहीं, जब आरआरआर को ऑस्कर में भेजने के लिए फिल्म फेडरेशन ने नामांकित नहीं किया, तो उन्होंने खुद अपना अंतरराष्ट्रीय बाजार बनाने का बीड़ा उठाया। वैसे भी ऑस्कर में पुरस्कार जीतने के लिए वहां जाकर अपनी फिल्म की मार्केटिंग करनी ही पड़ती है।

कीरवाणी पहले भारतीय गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड विजेता नहीं हैं। साल 2009 में डैनी बॉयल की फिल्म स्लमडॉग मिलिनेयर के लिए एआर रहमान को सर्वश्रेष्ठ स्कोर श्रेणी में गोल्डन ग्लोब और फिर ऑस्कर अवॉर्ड मिल चुका है। हालांकि,आरआरआर इस मायने में हम हिन्दुस्तानियों के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह फिल्म हमारी जमीन पर, हमारे लोगों ने बनाई है।

राजमौली अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पैठ बनाने के लिए आज जो कर रहे हैं, सत्तर साल पहले हिंदी के पहले शो मैन राज कपूर कर चुके हैं। राज कपूर की फिल्म आवारा 1951 में रिलीज हुई। इसकी कामयाबी को देखते हुए उन्होंने तय किया कि वह इसे रूस ले जाएंगे। उन्होंने फिल्म को रूसी भाषा में डब करवाया और वहां के थियेटर में बाकायदा फिल्म रिलीज हुई ब्रादाग्या नाम से। इस फिल्म को देखने रूसी लोग थियेटर में उमड़ पड़े। भीषण सर्दी और बारिश में भी रूसी लाइन लगाकर इस फिल्म का टिकट खरीदने को आतुर रहते थे। रूसी राज साहब के दीवाने थे, जबकि उस समय रूस में इस फिल्म की सफलता का श्रेय मार्केटिंग को नहीं दिया गया। यह मार्केटिंग का ही करिश्मा था, जो आमिर खान की फिल्में दंगल, सीक्रेट सुपरस्टार और पीके ने चीन में जमकर कमाई की और दूसरी हिन्दुस्तानी फिल्मों बजरंगी भाईजान, बाहुबली एक और दो, केजीएफ चैप्टर-2 और आरआरआर के लिए रास्ता बनाया। इस समय हॉलीवुड भी हिन्दुस्तानी फिल्मों का सही मूल्यांकन कर रहा है। वहां बसे प्रवासी भारतीय ही नहीं, मूल विदेशी भी हिंदी और दक्षिण की फिल्में बड़े चाव से देख रहे हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म 'नेटफिल्क्स' ने हाल ही में बयान दिया कि हिन्दुस्तानी फिल्मों के दर्शक पिछले तीन वर्षों में दुनिया भर में लगभग चार गुना बढ़ गए हैं।

एक बात और, अवॉर्ड की घोषणा होने के बाद से सोशल मीडिया में गोल्डन ग्लोब विजेता संगीतकार एमएम कीरवाणी (कहीं-कहीं कीरावनी भी लिखा जा रहा है) को लाखों लोग गूगल कर चुके हैं। हैशटैग के साथ लोग यह भी कहते नजर आ रहे हैं किनाटु-नाटु (हिंदी में नाचो-नाचो) गाने की धुन औसत है। इस गाने की कोरियोग्राफी शानदार न होती, तो यह गाना कोई सुनता भी नहीं। बेशक, कीरवाणी का यह गीत सर्वश्रेष्ठ न हो, पर पिछले तीन दशकों में उन्होंने दक्षिण व हिंदी फिल्मों में कई बेमिसाल धुनें दी हैं। वह तेलुगु फिल्मों में कीरवाणी, तमिल फिल्मों में मरगथमणि और हिंदी फिल्मों में एमएम क्रीम के नाम से संगीत देते हैं। उनके रचे हिंदी गाने गली में आज चांद निकला, चुप तुम रहो, कभी शाम ढले, धीर-धीरे जलना आदि आज भी खूब सुने जाते हैं। यह वक्त किसी एक उपलब्धि पर बात करने का नहीं, बल्कि फिल्म उद्योग को समग्रता से देखने व जश्न मनाने का है। आने वाले समय में भारतीय मनोरंजन जगत में सही कंटेंट व मार्केटिंग का यह जलवा दुनिया में और फलता-फूलता नजर आएगा।

# भारतीय हॉकी टीम वर्षों बाद फिर बनी मजबूत दावेदार

मनोज चतुर्वेदी

साल 2021 में 41 साल बाद भारतीय हॉकी टीम ने कोई पदक जीता था। उसके बाद से ही हमारी टीम एक अलग अंदाज में दिखने लगी है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। यही वजह है, भारत को राउरकेला व भुवनेश्वर में हो रहे 15वें हॉकी विश्व कप में पदक का दावेदार माना जा रहा है। भारत यहां पदक जीतता है, तो 1975 के बाद पहली बार पोडियम पर चढ़ेगा। 1975 भारतीय हॉकी का स्वर्णिम वर्ष था। उस वर्ष भारतीय टीम ने पहली बार अजित पाल सिंह के नेतृत्व में स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद हम कोई पदक नहीं जीत सके।



भारत ने टोक्यो ओलंपिक में कांस्य जीतने के बाद बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में रजत जीता है। एफआईएच प्रो लीग 2021-22 के सत्र में शानदार प्रदर्शन से तीसरा स्थान हासिल किया और अभी कुछ समय पहले ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर विश्व की इस नंबर एक टीम को छह साल बाद एक टेस्ट में हराया है। ये सफलताएं उम्मीद बंधाती हैं। भारत के लिए चौथा विश्व कप खेल रहे पीआर श्रीजेश को लगता है कि भारतीय टीम पिछले विश्व कप से बेहतर प्रदर्शन कर शीर्ष पर भी पहुंच सकती है।

भारत ने पिछले कुछ साल में मुख्य कोच ग्राहम रीड के निर्देशन में खासी प्रगति की है। कोच बार-बार बदलने की गलत नीति बंद हुई है, इससे भी फायदा मिला है। कोच टीम की कमियों को दूर करने में लगे हैं। पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलने वाले विशेषज्ञ ड्रेग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह पर सबकी निगाह है। वह एफआईएच प्रो लीग के पिछले सीजन के 16 मैचों में सबसे ज्यादा 18 गोल पेनल्टी कॉर्नरों पर जमाकर 'प्लेयर ऑफद ईयर' का सम्मान पाने में सफल रहे थे। आजकल तेज हॉकी खेली जाती है और खिलाड़ियों की गति बनाए रखने के लिए उन्हें 10-15 मिनट ही मैदान में रखा जाता है। इस कारण हर टीम में दो-तीन ड्रेग फ्लिकर का होना बेहद जरूरी है, पर हमारे पास हरमन जैसा कोई दूसरा विशेषज्ञ नहीं है। हरमन के मैदान से बाहर हो जाने पर हम अक्सर पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा पाते हैं। इस कमी को दूर करने के लिए पिछले साल दिसंबर माह में नीदरलैंड के 1990 के दशक के पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ ब्राम लोमंस को लाया गया था। उन्होंने करीब एक हफ्ते भारतीय खिलाड़ियों को बारीकियां सिखाई हैं। इन कोशिशों के बेहतर नतीजे मिल सकते हैं।

इस विश्व कप के फॉरमेट के हिसाब से पूल की टॉप टीम ही सीधे क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाएगी, पर एक अच्छी बात यह है कि टीम यदि ग्रुप में दूसरे या तीसरे स्थान पर भी रहती है, तो उसके क्वार्टर फाइनल खेलने की संभावना बनी रहेगी। असल में ग्रुप में दूसरा और तीसरा स्थान पाने वाली टीमें क्रॉसओवर मैच खेलेंगी और इसकी विजेता भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। भारत को पूल डी में स्पेन, इंग्लैंड और वेल्स के साथ रखा गया है। यह पूल खासा टफ है, क्योंकि वेल्स को छोड़कर बाकी टीमों की एफआईएच रैंकिंग में कोई खास अंतर नहीं है, क्योंकि तीनों टीमें पांच से आठवीं रैंकिंग वाली हैं। इसलिए पूल में टॉप न कर पाने की संभावना बन सकती है, लेकिन क्रॉसओवर के माध्यम से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में कोई संदेह नहीं है। भारत यदि पूल टॉप नहीं कर पाता है, तो उसका क्रॉसओवर मैच में न्यूजीलैंड, मलयेशिया और चिली में से किसी एक टीम से मुकाबला होने की संभावना है। इन तीन टीमों को भारत फतह करने का माद्दा रखता है। भारत आज राउरकेला में नवनिर्मित बिरसा मुंडा स्टेडियम में स्पेन से खेलकर अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद 15 जनवरी को इंग्लैंड से व 19 जनवरी को वेल्स से खेलेगा। पिछले साल भारत का स्पेन से भुवनेश्वर में मुकाबला हुआ था, जिसमें दोनों टीमें एक-एक मैच जीतने में सफल रही थीं। वहीं कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत ने वेल्स को 4-1 से हराया था और इंग्लैंड से 4-4 से ड्रॉ खेला था। इस मैच में भारत एक समय 4-1 की बढ़त बना चुका था, पर आखिरी क्वार्टर में इंग्लैंड बराबरी में सफल हो गया।

भारतीय टीम किसी भी दिग्गज टीम की रक्षा पंक्ति को भेदने का माद्दा रखती है। जरूरत मन शांत रखकर खेलने की है। भारतीय टीम यदि ऐसा कर सकी, तो पोडियम पर जरूर चढ़ेगी।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मोदी नेहरू की राह पर

डॉ. दिलीप चौबे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विदेश नीति के मामले में देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का अनुसरण करते दिखाई देते हैं। मोदी सरकार भले ही घरेलू और विदेश नीति के मामले में पं. नेहरू की सार्वजनिक रूप से आलोचना करती रही है। लेकिन बहुत से मामलों में उन्हीं की नीतियों को नये परिप्रेक्ष्य में आगे बढ़ा रही है। दुनिया के विकासशील और कम विकसित देशों के ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन ऐसा ही एक उदाहरण है। करीब 7 दशक पहले पं. नेहरू ने एशिया की एकता को कायम करने के लिए 1955 में इंडोनेशिया के बांडुंग में ऐसे ही सम्मेलन का आयोजन किया था। यह आंदोलन गुटनिरपेक्ष आंदोलन का आधार बना था। इस सम्मेलन में मिस्र के नेता नासिर और चीन के प्रधानमंत्री चाऊ एन लाई ने भाग लिया था। लेकिन एशिया के नेता के रूप में भारत और पं. नेहरू उभरे थे। इस सम्मेलन में एशिया ने अमेरिका के नेतृत्व में कायम सुरक्षा गठबंधन का विरोध किया गया था। नेताओं ने एशिया को उप-निवेशवाद और नव-साम्राज्यवाद से पूरी तरह मुक्त करने का बीड़ा उठाया था। अमेरिका और पश्चिमी देश बांडुंग सम्मेलन की भावना और प्रस्तावों को असफल बनाने के लिए लामबंद हो गए थे। यह इतिहास की त्रासदी है कि 1962 में भारत और चीन के बीच युद्ध के कारण एशिया की एकता का सपना खंडित हो गया।





नरेन्द्र मोदी यूक्रेन युद्ध से दुनिया में पैदा हुई अस्थिरता और आर्थिक संकट के बीच ग्लोबल साउथ शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रहे हैं। इसमें 120 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्षों और शासनाध्यक्षों को निमंतणभेजा गया है। सबकी नजर इस बात पर होगी कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग इस शिखर सम्मेलन में शामिल होते हैं या नहीं। यदि वह निमंतणस्वीकार करते हैं तो सम्मेलन का महत्त्व और प्रभाव बहुत बढ़ जाएगा। बांडुंग सम्मेलन को लेकर पश्चिमी देशों के कूटनीतिज्ञों ने आलोचना की थी कि यह पूरब को पश्चिम के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास है। ग्लोबल साउथ सम्मेलन के बारे में भी आलोचक कह सकते हैं कि यह दक्षिण (विकासशील और कम विकसित देश) को उत्तर (विकसित देश) के खिलाफ खड़ा करने का प्रयास है। अमेरिका और पश्चिमी देश यह चाहेंगे कि इस सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध के संबंध में रूस पर दोषारोपण किया जाए। सम्मेलन के मेजबान भारत में यूक्रेन युद्ध के बारे में अभी तक रूस की निंदा नहीं की है। वास्तव में भारत पूरे संकट के लिए अमेरिका और यूरोपीय देशों को कम दोषी नहीं मानता।

प्रधानमंत्री मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर यूक्रेन युद्ध के कारण ग्लोबल साउथ पर पड़ रहे प्रतिकूल असर की चर्चा करते रहे हैं। ऊर्जा, खाद्यान्न और उर्वरक की कीमतों में बढ़ोतरी का सबसे अधिक बुरा असर इन्हीं देशों पर पड़ रहा है। खाद्यान्न कीमतों में बढ़ोतरी और इनकी आपूर्ति में बाधा के कारण अफ्रीकी देशों में भुखमरी का संकट मंडरा रहा है। अमेरिका और पश्चिमी देशों की प्राथमिकता युद्ध के मैदान में रूस को हराना है। यूक्रेन को अरबों रुपये की आर्थिक सहायता का 'निवेश' रूस को कमजोर करने के लिए है। इन देशों को इस बात की कोई चिंता नहीं है कि ग्लोबल साउथ को संकट से कैसे बचाया जाए।

जी-20 के बाली शिखर सम्मेलन के समय से दुनिया में भारत के बढ़ते असर की चर्चा हो रही है। पश्चिमी देशों के नेताओं और मीडिया को भी कहने पर मजबूर होना पड़ा है कि दुनिया में एक नई महाशक्ति का उदय हो गया है। यह नई महाशक्ति भारत है। यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में भारत ने भारी दबाव के बावजूद तटस्थ भूमिका निभाई है। इस भूमिका को ग्लोबल साउथ में सराहा गया है। यहां तक कि चीन में भी धारणा बन रही है कि भारत उसके खिलाफ अमेरिका की रणनीति का मोहरा नहीं बनेगा। इससे भारत-चीन सीमा पर अनुकूल असर पड़ेगा। कोरोना महामारी के दौरान भारत ने ग्लोबल साउथ के देशों को वैक्सीन की आपूर्ति की थी जबकि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने वैक्सीन का अपना जखीरा साझा करने से इनकार कर दिया था। वैक्सीन कूटनीति ग्लोबल साउथ शिखर वार्ता की सफलता का एक आधार बनेगी। सम्मेलन में यूक्रेन युद्ध को यथाशीघ्र समाप्त करने के लिए रूस और अमेरिका की अगुवाई वाले पश्चिमी देशों पर भी राजनीतिक और नैतिक दबाव डाला जा सकता है।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



### चेंबर ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दिया धन्यवाद

## प्रदेश के बाजारों को स्मार्ट बाजार बनाने के लिए मांगे सुझाव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि छत्तीसगढ़ चेंबर के 63वें वार्षिक सम्मेलन में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा व्यापार एवं उद्योग जगत के लिए की गई घोषणाओं के लिए चेंबर प्रदेश अध्यक्ष अमर परवानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया है।**



श्री परवानी ने कहा कि ये पहली बार है कि एक मंच पर माननीय मुख्यमंत्री ने एक साथ इतनी सौगातें दी हैं इसके लिए छत्तीसगढ़ का पूरा व्यापारी समाज मुख्यमंत्री जी का आभारी है। चेंबर की मांग के अनुसार मुख्यमंत्री जी ने पूरे प्रदेश के बाजारों को स्मार्ट बाजार के रूप में विकसित करने की घोषणा की है।

इस परिपेक्ष्य में चेंबर में पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण मीटिंग आज दिनांक 12 जनवरी 2023 को चेम्बर भवन में आयोजित हुई जिसमें तय किया गया कि पूरे प्रदेश के बाजारों का चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष, मंत्री एवं स्थानीय इकाईयों द्वारा सर्वे कर यातायात व्यवस्था, आवश्यक स्थानों पर ट्रैफिक्र सिग्नल, पार्किंग व्यवस्था, आवश्यक पुलिस सुरक्षा एवं सीसीटीवी कैमरे, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सफाई व्यवस्था एवं बाजारों में शौचालय की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए एक प्रपत्र तैयार कर जिला कलेक्टर एवं चेंबर मुख्यालय को देगी। इस प्रपत्र के अनुसार शासन एवं चेंबर के समन्वय में बाजारों को स्मार्ट बाजार बनाने का काम किया जाएगा। बैठक में प्रमुख रूप से चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी,महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, सलाहकार-अमर गिदवानी, परमानंद जैन, सुरिन्दर सिंह, राकेश ओचवानी, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, चेम्बर उपाध्यक्ष-

टी.श्रीनिवास रेड्डी, महेश दरयानी, संगठन मंत्री- महेन्द्र कुमार बागरोड़िया, मंत्री- जितेन्द्र गोलछा, दिलीप इसरानी, अमर धिंगानी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय जम्बूरी में छत्तीसगढ़ के कॉन्टिजेंट को 4 स्पर्धाओं में मिला 'ए ग्रेड'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। छत्तीसगढ़ के कॉन्टिजेंट ने भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की 18 वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में जोरदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए चार प्रतियोगिताओं में 'ए ग्रेड' प्राप्त किया। राजस्थान के रोहट, पाली में 4 से 10 जनवरी तक आयोजित हुई राष्ट्रीय जम्बूरी का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने किया था। छत्तीसगढ़ की प्रदर्शनी पूरी जम्बूरी में आकर्षण का केन्द्र बनी हुई थी। छत्तीसगढ़ लड़कियों की सुरक्षा से जुड़े साइंस प्रोजेक्ट के प्रति भी लोगों ने काफी दिलचस्पी दिखाई।**



छत्तीसगढ़ कॉन्टिजेंट ने दो संयुक्त प्रतियोगिता राज्य प्रदर्शनी एवं एथनिक शो में ''ए ग्रेड'' प्राप्त किया। इन दोनों प्रतियोगिताओं में छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति को प्रदर्शित किया गया था।

इसी तरह स्काउट विंग ने मार्चपास्ट तथा गाइड विंग ने फिजिकल डिस्प्ले में ''ए ग्रेड'' प्राप्त किया। इसके साथ ही संयुक्त प्रतियोगिताओं में ग्लोबल डेवलपमेंट विलेज, कलर पार्टी, पेजेंट शो, फूड प्लाजा, फोक डांस में 'बी ग्रेड' मिला। स्काउट विंग की स्पर्धा कैम्प फायर व फिजिकल डिस्प्ले तथा गाइड विंग की स्पर्धा स्टेट गेट व रंगोली में भी ''बी ग्रेड'' हासिल हुआ।

गौरतलब है कि स्कूल शिक्षा मंत्री व भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अध्यक्ष डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चन्द्राकर के मार्गदर्शन तथा राज्य सचिव श्री कैलाश सोनी की अगुवाई में छत्तीसगढ़ से 381 की संख्या वाला दल राष्ट्रीय जम्बूरी में सम्मिलित हुआ।

इसमें 24 जिलों से लगभग तीन सौ स्काउट्स, गाइड्स सहित लीडर्स, राज्य मुख्यालय स्टॉफ, सर्विस रोवर्स, रेंजर्स शामिल थे। प्रतियोगिताओं के अलावा स्काउट्स, गाइड्स ने एडवेंचर, फन गेम्स, नाइट हाइक आदि गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी की। स्काउट विंग के कॉन्टिजेंट लीडर सीएल चन्द्राकर एवं गाइड विंग की कॉन्टिजेंट लीडर सीमा साहू थीं। शैलेन्द्र मिश्रा ने नेशनल स्टॉफके तौर पर अपनी सेवाएं दी। 18वीं राष्ट्रीय जम्बूरी में भारत के स्काउटिंग के समस्त राज्यों सहित सात अन्य देशों से 37 हजार स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने भागीदारी की।

### खास खबर

### भूपेश सरकार का डे भवन को स्वामी विवेकानंद स्मारक के रूप में विकसित किया जाना स्वागत योग्य -कांग्रेस

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा स्वामी विवेकानंद की रायपुर से जुड़ी स्मृतियों को चिर स्थायी बनाने कालीबाड़ी स्थित डे भवन को राष्ट्रीय स्तर के अनुरुप स्वामी विवेकानंद स्मारक बनाये जाने के निर्णय का कांग्रेस ने स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने लंबे समय तक रायपुर में निवास किया था। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा डे भवन को स्वामी विवेकानंद स्मारक के रूप में विकसित किया जाना प्रशंसनीय है। पूर्व रमन सरकार की संघी की सोच की वजह से स्वामी जी का तत्कालीन निवास डे भवन विवेकानंद स्मारक नहीं बन पाया था। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद लंबे समय तक भारतीय जनता पार्टी की राज्य में सरकार रही है। दुर्भाग्य की बात है उस दौरान छत्तीसगढ़ आए महान विभूतियों से संबंधित स्थलों को संरक्षित करने स्मारक बनाने के लिए किसी प्रकार से काम नहीं किया गया था। स्वामी विवेकानंद भी भाजपाईयो के लिये सिर्फ भाषण तक ही सीमित रहे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि पूर्व की रमन सरकार की संघी सोच में नकारात्मकता भरी हुई थी इसीलिए प्रदेश के महान विभूति हो या राष्ट्रीय स्तर की महान विभूतियों के राज्य से जुड़ी स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए किसी प्रकार से काम नहीं किया गया था बल्कि 15 साल में रमन सरकार संघियों की चाटुकारिता करने में व्यतीत कर दिया और उन लोगों को महिमामंडित करने का प्रयास किया जिनका राज्य के निर्माण में राष्ट्र के निर्माण में कोई योगदान नहीं रहा है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ के महान विभूतियों एवं अन्य प्रदेशों से छत्तीसगढ़ आये महान विभूतियों से संबंधित स्थलों को संरक्षित करने यादगार बनाने बीड़ा उठाये है।

### मुख्यमंत्री ने 'डे-भवन' के जीर्णोद्धार कार्यों का किया शिलान्यास

## नरेन्द्र नाथ को स्वामी विवेकानंद बनाने में सबसे बड़ा योगदान रायपुर और छत्तीसगढ़ का : भूपेश बघेल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि स्वामी विवेकानंद की स्मृतियों को चिरस्थाई बनाने के लिए उनसे जुड़े रायपुर के प्राचीन डे भवन को अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्मारक के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आज युवा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के गांधी मैदान में आयोजित कार्यक्रम में स्वामी विवेकानंद स्मारक 'डे-भवन' के जीर्णोद्धार कार्यों का शिलान्यास करने के बाद कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए इस आशय के विचार प्रकट किए।**



मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद युग पुरूष और युग निर्माता थे, जिन्होंने पूरी दुनिया को मानवता की सेवा की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र नाथ को स्वामी विवेकानंद बनाने में सबसे बड़ा योगदान रायपुर और छत्तीसगढ़ का है। कोई भी व्यक्ति किशोरावस्था में जो सीखता है वह जीवन भर काम आता है। स्वामी विवेकानंद ने अपनी 12 वर्ष से 14 वर्ष किशोरवस्था का समय रायपुर में बिताया। निश्चित रूप से स्वामी विवेकानंद जी के जीवन में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने इसके पहले डे भवन का अवलोकन भी किया। गांधी मैदान पहुंचने पर मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद ने कोलकाता के बाद अपने जीवन का सर्वाधिक समय रायपुर में बिताया था। रायपुर प्रवास के दौरान वे अपने माता-पिता के साथ रायपुर के डे-भवन में रहे थे। शिलान्यास के साथ डे-भवन के मूल स्वरूप में जीर्णोद्धार कार्य का आज शुभारंभ हुआ। डे-भवन का जीर्णोद्धार लगभग 4.50 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में 21 जिलों के 7718 राजीव युवा मितान क्लबों को 19 करोड़ 14 लाख 25 हजार रुपए की राशि अंतरित की। इसे मिलाकर राजीव युवा मितान क्लबों को अब तक 52.40 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। मुख्यमंत्री ने युवा दिवस के अवसर पर युवाओं के लिए पुलिस सब इंस्पेक्टर पद पर भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। इसके माध्यम से सब इंस्पेक्टर के 971 पदों पर भर्ती की जाएगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान, बेलूर पश्चिम बंगाल के कुलपति स्वामी सर्वोत्तमानंद जी महाराज ने की। खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, भूतनाथ डे चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एच.एस. उपाध्याय, विधायकगण सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप जुनेजा, नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद, स्वामी सत्यरूपानंद, स्वामी निखिलात्मानंद जी का डे भवन को स्मारक के रूप में विकसित करने का जो सपना अधूरा रह गया था, आज साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस भवन में संचालित स्कूल को लगभग ढ़ाई करोड़ रूपए की लागत से निर्मित नये भवन में स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने युवाओं को उठो, जागो और लक्ष्य को हासिल करो का संदेश दिया था। युवाओं को रूकना, थकना नही है, निरंतर आगे चलना है, जिससे लक्ष्य हासिल हो सके। वे क्रांतिकारी विचारक थे। उन्होंने कहा था कि युवाओं को धर्म की घुट्टी पिलाने की जगह मैं उन्हें फुटबाल के मैदान में देखना पसंद करूंगा। तत्कालीन भारत में अशिक्षा और भुखमरी का बोल बाला था। उनका कहना था कि लोगों को पहले शिक्षा, भोजन और रोजगार दिलाया जाए। उसके बाद धर्म और मोक्ष की बात हो। उन्होंने कहा था कि आधुनिक युग में वह नास्तिक है, जिसका खुद पर विश्वास नही है। उन्होंने शिव भाव से जीव की सेवा करने का संदेश दिया। मानव सेवा से ही ईश्वर की सेवा हो सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में जो महापुरूष आए हैं उनसे जुड़े स्थानों को विकसित करने का प्रयास राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। हमने गुरू घासीदास धाम को विकसित करने का कार्य किया। उनसे जुड़े स्थानों को विकसित किया जा रहा है। गुरू नानकदेव जी से जुड़े गढ़फुलझर को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्णय किया गया है।

इसके साथ ही साथ भगवान राम से जुड़े स्थलों को राम वन गमन पर्यटन परिपथ के रूप में विकसित किया जा रहा है। सिरपुर स्थित बौद्ध परिसर को विकसित किया जा रहा है। नागार्जुन की तपोभूमि को भी विकसित किया जा रहा है। हमारी संस्कृति पांच हजार साल पुरानी है। यहां प्राचीन नाट्यशाला है। रींवा और तरीघाट जैसे पुरातात्विक स्थल हैं, जिन्हें दुनिया के मानचित्र पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने राजीव युवा मितान क्लब का उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं को छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जोड़ने, उनकी खेल प्रतिभा को विकसित करने और युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

स्वामी सर्वोत्तमानंद जी महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद ने रायपुर में संगीत, पाककला, शतरंज सीखा, जितने वे कोलकाता के पुत्र रहे उतने वे रायपुर के भी पुत्र रहे। उन्होंने कहा कि हमारी विरासत हमारी संस्कृति का महत्वपूर्ण है। इसे बचाकर रखा जाना चाहिए। संग्राहालय की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि इससे हमारी सांस्कृतिक विरासत का क्रम हमारी स्मृतियों में बना रहता है। संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति, तीज त्यौहार और धरोहरों को सहेजने और सवारने का कार्य किया जा रहा है। विवेकानंद विद्यापीठ के संचालक डॉ. ओमप्रकाश वर्मा ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए बड़ा हर्ष का विषय है कि स्वामी विवेकानंद रायपुर के जिस भवन में रहे उसका संरक्षण कार्य का शुभारंभ आज किया जा रहा है। सन् 1960 में स्वामी आत्मानंद रायपुर आये थे।

## नगरी निकाय और पंचायत चुनावों में 90 प्रतिशत कांग्रेस प्रत्याशी विजयी हुये

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने नगरी निकायो के उपचुनाव तथा पंचायत उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुये इस भरोसे के लिये प्रदेश के मतदाओ का आभार व्यक्त किया है। नगर निकायो तथा पंचायतो में हुये उपचुनाव में 90 प्रतिशत से अधिक क्षेत्रों पर जनता ने कांग्रेस प्रत्याशियो के प्रति भरोसा जताया है। यह कांग्रेस पार्टी के जनता के अटूट स्नेह का परिणाम है जो 2018 में विधानसभा चुनाव के बाद लगातार बढ़ता जा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाने के बाद कांग्रेस सरकार के द्वारा किये गये जन कल्याणकारी काम और प्रदेश के हर वर्ग के लिये बनाई गयी योजनाओं का जमीनी स्तर पर हुये क्रियान्वयन का परिणाम है कि कांग्रेस ने 2018 के बाद नगर निगमो के सभी 14 महापौरो और जिला पंचायतो के सभी अध्यक्षो का चुनाव जीता। नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतो के अधिकांश वार्डो के चुनाव में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विजयी हुये। 2018 से लेकर 2022 तक 5 उपचुनाव भी जनता ने कांग्रेस पार्टी को जिताया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार और कांग्रेस संगठन की सक्रियता से पार्टी जनता के बीच में अपनी गहरी पैठ बना रही है। निकायो और पंचायतों के उपचुनाव की जीत पार्टी के लोगों में जनसेवा के जज्बे को और बढ़ाती है।

### राजीव भवन में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में आज 12 जनवरी को प्रदेश कांग्रेस कमेटी, युवक कांग्रेस, सेवादल, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, इंटुक एवं समस्त मोर्चा संगठनों, प्रकोष्ठों, विभागों के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद की जयंती मनायी गयी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजली अर्पित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला, प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला, महामंत्री पीयूष कोसरे,मेहमूद अली, आरिश अनवर, भोलाराम नेताम, प्रताप नारायण कांग्रेसजन उपस्थित थे।









## खास खबर...

### त्रि-स्तरीय पंचायत और नगर पलिकाओं के लिए उपनिर्वाचन का कार्य संपन्न

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरपालिकाओं में रिक्त रह गये पदों हेतु उप निर्वाचन का कार्य संपन्न हो गया है। उल्लेखनीय है कि उपनिर्वाचप के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा समय-अनुसूची जारी किया गया था, जिसके अनुसार 9 जनवरी को मतदान तथा 12 जनवरी को पंचायतों के लिए सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा तथा नगरपालिकाओं के लिए मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा का कार्य संपन्न हुआ।

राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों में प्रदेश के 31 जिलों में स्थित कुल 500 पदों (जिला पचांयत सदस्य के 01 पद, जनपद पंचायत सदस्य के 09, सरपंच के 83 तथा पंच के 407 पद) हेतु सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणामों की घोषणा की गई। इसी प्रकार राज्य के 12 जिलों में स्थित 14 नगरपालिकाओं (03 नगर पालिक निगम, 04 नगर पालिका परिषद तथा 07 नगर पंचायत) के 15 वार्डों में मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा का कार्य संपन्न हुआ। अधिकारियों ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के उप निर्वाचन 2022-23 हेतु जारी समय अनुसूची (कार्यक्रम) के अनुसार आज पचांयतों तथा नगरपालिकाओं निर्वाचन परिणामों की घोषणा का कार्य शांतिपूर्वक संपन्न होने के फलस्वरूप आदर्श आचरण संहिता प्रभावशून्य (जिला जांजगीर-चांपा के ग्राम पंचायत पेण्ड्री (नवा), केसला तथा चेउडीह को छोड़कर) घोषित की जाती है।

### गरियामय ढंग से मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउण्ड में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह का आयोजन होगा। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके इस गरियामय समारोह में प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन के लिए समस्त विभाग, समस्त संभागायुक्त, समस्त कलेक्टर एवं समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत को पत्र पत्र लिखकर कोविड-19 महामारी के परिपेक्ष्य में समारोह में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कोविड वेरिएंट के फैलाव को ध्यान में रखते हुए मास्क पहनने और सामाजिक दूरी के पालन करने कहा गया है। साथ ही स्कूली बच्चों के कार्यक्रम तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन नहीं करने के निर्देश भी दिए गए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य स्तर के आयोजन में राज्यपाल द्वारा ध्वजारोहण एवं परेड की सलामी के पश्चात उनका उद्बोधन होगा। इसके अलावा समारोह स्थल पर विभिन्न विभागों संस्थानों द्वारा चलित झांकियों का प्रदर्शन होगा और पदक अलंकरण समारोह भी होगा। समारोह स्थल में रंगीन गुब्बारे भी उड़ाए जाएंगे। राज्य स्तर पर होने वाले परेड में सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, डीएफ, जेलबल, होमगार्ड, एसटीएफ कमांडो, बीएसएफ, आईटीबीटी एवं अन्य सशस्त्र बल की टुकड़ियां भी शामिल होंगी।

# मरीजों और उनके परिजनों से रखें संवेदनशील व्यवहारः टीएस सिंहदेव

### सभी दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश, मरीजों को बाहर से न लेना पड़े दवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा मंत्री टीएस सिंहदेव ने वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों तथा प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के डीन व अस्पताल अधीक्षक के साथ दिनभर मैराथन बैठक कर मेडिकल कॉलेजों में अध्ययन-अध्यापन एवं इलाज की व्यवस्थाओं की समीक्षा की।




उन्होंने बैठक में मेडिकल कॉलेजों के विशेषज्ञों, डॉक्टरों और अन्य स्टॉफ को मरीजों एवं उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध सभी अस्पतालों में सभी तरह की दवाईयां पर्याप्त मात्रा में रखने कहा ताकि किसी भी मरीज को बाहर से दवा न खरीदना पड़े। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों के कार्यों और व्यवस्थाओं की समीक्षा बैठक हर माह आयोजित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., संचालक डॉ. विष्णु दत्त और सीजीएमएससी के प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा भी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।चिकित्सा शिक्षा मंत्री सिंहदेव ने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नवीन विश्राम भवन में हुई बैठक में मेडिकल कॉलेजों से संबद्ध अस्पतालों में आईपीडी उपचार की राशि डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना के अंतर्गत क्लेम करने के मामलों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि नौ मेडिकल कॉलेजों द्वारा एक लाख 95 हजार 070 आईपीडी इलाज के मामलों में से एक लाख 18 हजार 832 प्रकरणों में क्लेम प्राप्त करने की कार्यवाही की गई है। श्री सिंहदेव ने इसमें आ रही दिक्कतों को दूर करने अस्पताल स्टॉफ के समुचित प्रशिक्षण के निर्देश दिए। बैठक में सभी मेडिकल कॉलेजों द्वारा सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक ओपीडी संचालित करने की सहमति दी गई। इलाज के लिए सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक पंजीयन कराया जा सकेगा। श्री सिंहदेव ने सभी मेडिकल कॉलेजों के छात्रावासों में छात्रों के लिए सुविधाएं बढ़ाने और व्यवस्थाओं को दुरूस्त करने को कहा। उन्होंने कांकेर, महासमुंद और कोरबा के नए कॉलेजों में भी यूजी विद्यार्थियों के साथ ही पीजी छात्रों के लिए भी छात्रावास निर्माण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने नए कॉलेजों के भवन निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया जल्दी पूरी कर तत्काल काम शुरू करने को कहा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने बैठक में सभी मेडिकल कॉलेजों की वित्तीय, मानव संसाधन और उपकरणों की जरूरत के बारे में भी जानकारी ली।बैठक में मेडिकल कॉलेजों में ड्यूटी के समय डॉक्टरों की मौजूदगी, दवाईयों की उपलब्धता, सामान्य और सिजेरियन प्रसवों की संख्या, जननी सुरक्षा योजना के क्रियान्वयन, डायलिसिस सुविधा, सीजीएमएससी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों, सिकलसेल प्रबंधन केंद्र के कार्यों, एम्बुलेंस और मुक्तांजलि शव वाहनों की उपलब्धता, पदोन्नति, अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरणों और मेडिकल कॉलेजों व संबद्ध अस्पतालों से संबंधित न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा की गई। अस्पतालों में भर्ती मरीजों की डाइट, सुरक्षा और साफ-सफाई के इंतजामों की भी समीक्षा बैठक में की गई।

# विद्युत चलित वाहन का भविष्य मे दायरा एवं वाणिज्यिक पहलू पर राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन

### सेमिनार का आयोजन छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद के तत्वावधान में शासकीय सह-शिक्षा पॉलिटेक्निक बैरन बाजार रायपुर में हुआ

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिक परिषद के तत्वावधान में 11 जनवरी को शासकीय सह-शिक्षा पॉलिटेक्निक बैरन बाजार रायपुर में विद्युत चलित वाहन (इलेक्ट्रीक व्हीकल) का भविष्य में दायरा एवं वाणिज्यिक पहलू पर राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजय त्रिपाठी, प्रोफेसर एवं एचओडी, मेकेनिकल, शासकीय इंजीनियरिंग कालेज, रायपुर, डॉ. जे.एस.बल, डिप्टी डायरेक्टर एवं मोहित सिंघानिया, डाइरेक्टर रलस मोटर्स के द्वारा विद्यार्थियों को इलेक्ट्रीक व्हीकल की उपयोगिता, पारम्परिक ईंधन की निर्भरता को कम कैसे करना है, पुनः प्राप्त ऊर्जा स्त्रोतों पर कार्य, शासन के द्वारा ई-व्हीकल पर चलाये जाने वाले उपक्रम और सम्बद्ध सब्सिडी, ग्रीन रायपुर, क्लीन रायपुर के आदर्शोक्ति को सहयोग प्रदान करना, प्रदूषण मुक्त वातावरण मे इलेक्ट्रीक व्हीकल की भूमिका एवं महत्व के बारे मे जानकारी दिया गया। संस्था के वक्ता के रूप में अमन देवांगन, व्याख्याता इलेक्ट्रिकल, मति नेहा तिवारी व्याख्याता मैकेनिकल और अभिजीत यादव व्याख्याता इलेक्ट्रिकल ने इलेक्ट्रीक व्हीकल के विषय में उद्बोधन दिया।

संस्था प्रबंधन की ओर से डॉ. अभिताब दूबे, प्राचार्य शासकीय सह-शिक्षा पॉलिटेक्निक के मार्गदर्शन में प्राकृतिक संसाधनों के सीमित होने तथा भावी भविष्य को देखते हुए, आम-जनता और समाज को जागरूक करने हेतु बहुत ही अच्छे विषय पर संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया, इस निर्णायक मोड़ मे ई-व्हीकल की उपयोगिता को विद्यार्थियो के माध्यम से आम जनता तक पहुँचाने का सराहनीय कार्य संस्था प्रबंधन द्वारा किया जा रहा है, विद्यार्थियों में तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ समाज मे जागरूकता, मानवीय मूल्यों की जानकारी, प्रकृति प्रेम की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा बनाये गये ई-व्हीकल के थीम पर पोस्टर को भी सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के समस्त इंजिनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक संस्थानो को आमंत्रित किया गया था जिसमे सभी व्याख्याताओं एवं विद्यार्थियों को ऑनलाइन जोड़ा गया। कार्यक्रम के उपरांत प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम संचालन जयश्री चंद्राकर, व्याख्याता सिविल समेत सभी व्याख्याताओं की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

# राज्य का पहला मिलेट्स कैफे स्वाद, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण का बना मिसाल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** राज्य का पहला मिलेट्स कैफे रायगढ़ में अपनी सफलता के जलवे बिखेर रहा है। इसे खुले महज 8 महीने हुए हैं लेकिन यहां की मासिक आमदनी 3 लाख रूपये को पार कर गयी है। आलम ये है कि यहां वीकेंड पर बैठने को बमुश्किल जगह मिलती है। रायगढ़ के तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह ने मिलेट्स को बढ़ावा देने मई 2022 में इस कैफे की शुरूआत की गयी। कैफ़े का मुख्य उद्देश्य मिल्लेट्स को बढ़ावा देने और विभिन्न मिल्लेट्स का उपयोग करके मुख्यधारा और पारंपरिक दोनों प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन करने के लिए था।




हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मिलेट्स को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विधानसभा में सभी विधायकों को मिलेट्स से बने व्यंजन का भोज दिया था। छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जो समर्थन मूल्य पर मिलेट्स की खरीदी कर रहा है। रोहिणी पटनायक, जो टडज्ञब् और कैफे के संचालन की प्रमुख हैं, कहती हैं, हम स्वस्थ भोजन प्रदान करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि यह ग्राहकों की स्वाद कलिकाएं को संतुष्ट करे। जिला प्रशासन के शुरुआती सहयोग से, अब हमारा कैफे एक आत्मनिर्भर व्यवसाय होने जा रहा है। गुणवत्ता और स्वाद सुनिश्चित करने के लिए प्रोफेशनल शेफ को भी नियुक्त किया है।

टीम द्वारा बहुत सारे नए प्रयोग किए जा रहे हैं और इन सभी व्यंजनों की रेसिपी बुक को राज्य और देश के अन्य हिस्सों में लोकप्रिय बनाने के लिए प्रकाशित किया गया है। इस कैफे के मुख्य कस्टमर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोग, खाने के शौकीन, फूड ब्लॉगर, है। यहां सबसे लोकप्रिय व्यंजनों में मिलेट चीला, डोसा, मिलेट मोमोज, मिलेट पिज्जा, मिलेट मंचूरियन और कोदो बिरयानी हैं और इनकी सबसे अधिक बिक्री होती है। यह कैफे 3 लाख की मासिक बिक्री करता है। अब एक लाभदायक व्यवसाय की ओर बढ़ रहा है। नटवर स्कूल के पास सी-मार्ट के बाजू में शुरू हुए इस कैफे में रागी से बने पास्ता, चीला, इडली, मंचूरियन, पिज्जा, नूडल, पकोड़े, समोसे, दोसा, कोदो से बनी बिरयानी के साथ ही सैंडविच, शेक्स, बर्गर का स्वाद लेने का अवसर लोगों को मिल रहा है। इस कैफे को शुरू करने में मुख्य भूमिका निभाने वाले तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह बताते हैं कि कई पीढियों से रागी, कोदो जैसे अनाज हमारे आहार का प्रमुख हिस्सा हुआ करता था। किंतु आज इनका उपयोग सीमित हो गया है। ये अनाज सेहत के लिए जरूरी बहुत से पोषक तत्वों से युक्त होते हैं। इस कैफे से लोगों को इन अनाजों से तैयार व्यंजन के रूप में सेहतमंद विकल्प मिलेंगे।

### महिला उद्यमिता को मिल रहा बढ़ावा

इस कैफे की शुरुआत जिला प्रशासन की पहल व सहयोग से हुआ है। इसका संचालन विकास संघ महिला समूह द्वारा किया जा रहा है। इसमें तकनीकी सहयोग महिला बाल विकास विभाग और ट्रांसफॉर्मिंग रूरल इंडिया फाउंडेशन द्वारा दिया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पहली बार महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिला समूहों के लिए मिलेट्स आधारित कैफे की शुरुआत की गयी है।

# स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में जानकारी अपडेट नहीं करने पर दो अधिकारी निलंबित

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों को शासकीय कार्य में कोताही बरतने के फलस्वरूप निलंबित कर दिया है। इन अधिकारियों ने स्कूल शिक्षा विभाग के पोर्टल में अपडेट जानकारी दर्ज नहीं की थी। निलंबित अधिकारियों का मुख्यालय रायपुर और जशपुर के शिक्षा कार्यालयों में नियत किया गया है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आदेश जारी कर दिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार जे.के. प्रसाद तत्कालिन जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर (वर्तमान में उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय) और नारायण प्रसाद पैकरा (मूल पद व्याख्याता) प्रभारी प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोकड़ा, विकासखण्ड कांसाबेल जिला जशपुर द्वारा विभागीय पोर्टल को अपडेट करने में कोताही बरती गई। जिससे संस्था में व्याख्याता का पद रिक्त होना बतलाया गया, जिसके कारण प्रशासनिक स्थानांतरण किया गया। इस लापरवाही के कारण स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंत्रालय से आदेश जारी कर दोनो को निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में जेके प्रसाद का मुख्यालय, संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर और नारायण प्रसाद पैकरा का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर नियत किया गया है।

तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी जशपुर जे.के. प्रसाद और नारायण प्रसाद पैकरा प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोकड़ा, विकास खण्ड कांसाबेल जिला जशपुर द्वारा विभागीय पोर्टल को समय-समय पर अपडेट नही करने के कारण वर्ष 2022 में विभाग के अंतर्गत किए गए स्थानांतरण में जिस संस्था व्याख्याता का पद रिक्त नहीं होने के बावजूद व्याख्याता का पद रिक्त होना बतलाया गया। जिसके कारण विभागीय आदेश द्वारा 30 सितंबर 2022 में अमरजीत सोलंकी व्याख्याता हिन्दी शासकीय हाई स्कूल कोटेया विकासखण्ड प्रेमनगर जिला सुरजपूर का प्रशासनिक स्थानांतरण शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दोकड़ा, विकास खण्ड कांसाबेल जिला जशपुर किया गया। इस स्कूल में नारायण प्रसाद पैकरा प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्यरत है जिनका मूल पद व्याख्याता हिन्दी है, परन्तु विभागीय पोर्टल पर स्वयं की जानकारी प्राचार्य दर्शित करते हुए, व्याख्याता हिन्दी के पद को रिक्त बतलाया गया।

तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी और प्रभारी प्राचार्य की सामूहिक जिम्मेदारी है कि वे समय-समय पर विभागीय पोर्टल को अपडेट रखते, परन्तु विभागीय पोर्टल को अपडेट करने में गंभीर कोताही बरती गयी, जिससे यह स्थिति निर्मित हुई। उनका यह कार्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत गंभीर कदाचार है।

# समर्थन मूल्य पर किसानों से 95.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी

### 21.80 लाख किसानों को 19,675 करोड़ रूपए का भुगतान

### कस्टम मिलिंग के लिए लगभग 70 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में धान खरीदी का महाभियान निरंतर जारी है। 01 नवंबर 2022 से शुरू हुई धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2023 तक चलेगा। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश में समर्थन मूल्य पर किसानों से 12 जनवरी शाम 5.30 बजे तक 95.29 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। धान खरीदी के एवज में राज्य के 21.80 लाख से अधिक किसानों को 19,675 करोड़ रूपए का भुगतान बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत किया गया है।

मुख्यमंत्री की पहल पर पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक लगभग 81 लाख मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है, जिसके विरूद्ध मिलर्स द्वारा लगभग 70 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि 12 जनवरी को 35 हजार 719 किसानों से 1.48 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। इसके अलावा ऑनलाइन प्राप्त टोकन के जरिए किसानों से 11 हजार टन धान की भी खरीदी हुई है। आगामी दिवस की धान खरीदी के लिए 45 हजार से अधिक टोकन तथा टोकन तुंहर हाथ एप के जरिये 3 हजार से अधिक टोकन ऑनलाइन जारी किए गए हैं।

गौरतलब है कि इस साल राज्य में 25.92 लाख किसानों का पंजीयन हुआ है, जिसमें लगभग 2.26 लाख नये किसान शामिल हैं। राज्य में धान खरीदी के लिए 2616 उपार्जन केन्द्र बनाए गए हैं। सामान्य धान 2040 रूपए प्रति क्विंटल तथा ग्रेड-ए धान 2060 रूपए प्रति क्विंटल की दर से खरीदा जा रहा है। इसी तरह राज्य में धान खरीदी की व्यवस्था पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए चेक पोस्ट पर माल वाहकों की चेकिंग की जा रही है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243























# मेकअप से दाग-धब्बे और मुंहासे छुपाने के लिए अपनाएं यह तरीका

मुंहासे, इसके निशान और दाग-धब्बे चेहरे की रंगत को असमान करने का कारण बन सकते हैं और इन्हें दूर होने में हफ्तों या महीनों का समय लगता है। ऐसे में अगर कोई महत्वपूर्ण अवसर या कार्यक्रम आ जाए तो मेकअप आपका बचाव कर सकता है। आइए जानते हैं कि आप मेकअप से अपने चेहरे के दाग-धब्बों या मुंहासों के निशानों को कैसे छिपा सकते हैं और अपनी त्वचा को साफ, बेदाग और चमकदार बना सकते हैं।

### सबसे पहले त्वचा को करें मॉइस्चराइज

अधिक सीबम उत्पादन आपकी त्वचा को सुपर-ऑयली बना सकता है। इसलिए सबसे पहले अपने चेहरे को किसी माइल्ड क्लींजर से साफ कर लें। फिर अपने पूरे चेहरे पर एक हल्का ऑयल-फ्री मॉइस्चराइजर हल्के हाथों से मसाज करते हुए लगाएं। यह मुंहासों और दाग-धब्बों के कारण होने वाली सूजन को भी शांत करेगा। इसके बाद अपने चेहरे पर नॉन-स्टिकी प्राइमर लगाएं।

### कलर करेक्टर आएगा काम

कलर करेक्टर मुंहासों के निशान और अन्य दाग-धब्बों को छिपाने के लिए सबसे अच्छा मेकअप उत्पाद है। मुंहासों के निशान सूखने के बाद भूरे रंग के हो जाते हैं, इसलिए इसके दागों को छिपाने के लिए नारंगी रंग का कलर करेक्टर इस्तेमाल करें। आप भूरे रंग के धब्बों को छिपाने के लिए नारंगी शेड की लिपस्टिक का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। अगर मुंहासे ताजे हैं तो हरे रंग का कलर करेक्टर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### कंसीलर है जरूरी

कलर करेक्टर के बाद मुंहासों के धब्बों या अन्य दागों को छिपाने के लिए कंसीलर के सही शेड का उपयोग करें। इसके लिए स्टिक या ड्राई क्रीम कंसीलर का उपयोग करें क्योंकि ये दाग-धब्बों के आसपास तेल का निर्माण रोक सकते हैं। आप अतिरिक्त लाभ के लिए SPF 20 वाला कंसीलर भी चुन सकती हैं। हमेशा हल्के हाथों से कंसीलर को दाग-धब्बों पर लगाएं।

### मैट फिनिश फाउंडेशन का इस्तेमाल करना न भूलें

कंसीलर लगाने के बाद एक मैट, लाइटवेट और फुल-कवरेज वाला फाउंडेशन चुनें, जो मुंहासों के निशान और दाग-धब्बों को छिपाते हुए आपको एक फ्लॉलेस फिनिश देगा। इसके साथ ही ध्यान रखें कि फाउंडेशन लंबे समय तक चलने वाला और त्वचा पर कोमलता से लगने वाला हो। हमेशा फाउंडेशन को चेहरे पर ब्यूटी स्पंज से अच्छी तरह ब्लेंड करते हुए लगाएं और भूल से भी रगड़ें नहीं।

### अंत में कॉम्पैक्ट पाउडर से सेट करें मेकअप

मेकअप को फीका पड़ने से बचाने के लिए अंत में एक कॉम्पैक्ट पाउडर का उपयोग करें। यह आपके मेकअप बेस को भी बरकरार रखेगा और अतिरिक्त कवरेज भी देगा। मेकअप को खराब होने से बचाने के लिए ब्यूटी स्पंज को हल्का सा गीला करें और इससे पाउडर को अपने चेहरे पर लगाएं। आप चाहें तो लूज पाउडर का भी इस्तेमाल कर सकती हैं और मेकअप-सेटिंग स्प्रे के साथ अच्छा लुक पाएं।

# विजय की वारिसु और अजीत की थुनिवु ने की धमाकेदार शुरुआत






तमिलनाडु में फिल्म वरिसु और थुनिवु के रिलीज के साथ ही पोंगल का त्योहार शुरू हो गया है। साउथ इंडस्ट्री के जाने-माने सितारों, विजय और अजीत कुमार स्टारर इन फिल्मों ने फैंस से उत्साहजनक रिएक्शन प्राप्त की हैं। आपको बता दें कि, फिल्म थुनिवु के शो तमिलनाडु में 1 बजे से ही शुरू गया था और वारिसु का शो लगभग 4 बजे शुरू हो गया था। साथ ही दोनों स्टार्स की फिल्में एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही हैं। बता दें कि, यह पहली बार नहीं है जब विजय और अजीत स्टारर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं। हालांकि, इस बार प्रतियोगिता काफी ज्यादा धमाकेदार हो रही है, जो इस बात पर चल रही है कि कौन बड़ा स्टार है, अजित या विजय? सभी बहस और प्रमोशन के बीच, वारिसु और थुनिवू के फैंस काफी क्रेजी हो गए हैं। यहां तक की चेन्नई के कुछ हिस्सों में कुछ घटनाओं की भी सूचना मिली है। एक थिएटर में तोड़फोड़ करने से लेकर पार्टी के दौरान अजीत के एक फैन की मौत तक, इन फिल्मों की रिलीज ने सभी को चौंका दिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, दोनो फिल्मों ने काफी अच्छी कमाई की है। दोनों फिल्मों के पहले दिन के कलेक्शन औसत थे, तमिलनाडु: सवारिसु और सथुनिवू दोनों के लिए औसत रिपोर्ट! दोनों के लिए पहले दिन की ओपनिंग कमोबेश लगभग 16-18 करोड़ की रेंज में समान होगी। उसी पर एक आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। टीएन थिएटर और मल्टीप्लेक्स ओनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तिरुप्पुर सुब्रमण्यन ने पुष्टि की कि दोनों फिल्मों के सभी शो बुधवार को बिक गए। साथ ही कुछ ने भविष्यवाणी की है कि ये फिल्में इस सप्ताह के अंत तक अकेले तमिलनाडु में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा छू सकती हैं। साथ ही, वारिसु और थुनिवु ने केरल और कर्नाटक में भी एक बड़ी शुरुआत देखी है।

# पत्रलेखा की 2023 की शुरुआत रही धमाकेदार 'आर या पार' में किया शानदार काम

बीते दिनों रिलीज़ हुई 'आर या पार' वेब सीरीज़ में पत्रलेखा द्वारा निभाई गई शानदार भूमिका फैंस और दर्शकों से खूब तारीफें बटोर रही है। 'संघमित्रा' के रूप में पत्रलेखा का किरदार लाजवाब है, जो निश्चित रूप से एक सहज डॉक्टर के रूप में सभी को आकर्षित करती है, जिसके ऊपर एक पूरी जनजाति की रक्षा करने का जिम्मा है। पत्रलेखा ने किरदार को इतनी अच्छी तरह से निभाया है कि शो देखते समय दर्शक उनकी चुनौतियों को महसूस कर सकते हैं।



हाल ही में सीरीज़ ने 4.6 मिलियन व्यूज हासिल करके एक नया मुकाम हासिल किया है और रिलीज होने के महज दो सप्ताह के भीतर इस आंकड़े को पार करने वाली पहली वेब सीरीज बन गई है। इसने आईएमडीबी पर 7.8/10 की जबरदस्त रेटिंग भी हासिल की है।

सिद्धार्थ सेनगुप्ता के निर्देशन में बनी इस सीरीज में आदित्य रावल और पत्रलेखा मुख्य भूमिकाओं में हैं, जिसमें पत्रलेखा 'संघमित्रा' नाम के एक डॉक्टर की भूमिका निभा रही हैं। इस तरह के एक विशिष्ट किरदार को निभाने पर पत्रलेखा ने कहा, संघमित्रा के कंधों पर हजारों आदिवासियों को बचाने की जिम्मेदारी है। मेरे लिए यह भूमिका निभाना एक शानदार अनुभव रहा है। जब मैंने पहली बार स्क्रिप्ट सुनी, तो मैं तुरंत इस किरदार की सहजता और साहस के प्रति आकर्षित हो गई थी। सीरीज की सफलता ने वर्ष 2023 के शुरुआती दौर को मेरे लिए बेहद खास बना दिया है। मैं आने वाली सभी प्रशंसाओं के लिए आभारी हूं।

पत्रलेखा के लिए वर्ष 2022 व्यस्तता से काफी भरा हुआ रहा है, जो कि वर्ष 2023 में भी बरकरार नज़र आ रहा है। उनके पास लव रंजन की एक फिल्म, मानवी गगरू के साथ एक फिल्म, सावित्रीबाई फुले पर एक बायोपिक, एमेजन प्राइम पर गुलकंद टेल्स और कतार में कुछ और प्रोजेक्ट्स भी शामिल हैं।

### केजीएफ के निर्माता ने शेयर किया चैप्टर 3 का अपडेट, बनेंगे कुल पांच सीक्वल

होम्बले फिल्म्स के मालिक विजय किरागंदूर ने सुपरहिट केजीएफ सीरीज के अगले भाग केजीएफ चैप्टर 3 के बारे में जानकारी साझा की है। निर्माता विजय किरागंदुर ने कहा है कि केजीएफ चैप्टर 3 प्रोजेक्ट 2025 में शुरू होगा और 2026 के बाद ही रिलीज होगा।

सीक्वल के लिए प्री-प्रोडक्शन का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। दिलचस्प बात यह है कि विजय किरागंदूर ने कहा है कि जिस तरह जेम्स बॉन्ड की फिल्मों में अलग हीरो होते हैं, उसी तरह केजीएफ सीक्वल में भी अलग हीरो होंगे। उन्होंने कहा, केजीएफ सीरीज के पांच सीक्वल होंगे, हीरो बदलते रहेंगे।

सूत्र बताते हैं कि फिल्म के निर्देशक प्रशांत नील फिलहाल सलार में व्यस्त हैं और वह बाद में अभिनेता जूनियर एनटीआर के साथ काम करेंगे। इसके बाद ही केजीएफ चैप्टर 3 पर काम शुरू होगा। सूत्र यह भी बताते हैं कि केजीएफ चैप्टर 2 और सलार के बीच एक कनेक्शन है। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि फिल्म में रॉकिंग स्टार यश भी नजर आएंगे।

### प्रभास और दीपिका-स्टारर 'प्रोजेक्ट के' के निर्माताओं ने फैंस की बढ़ाई उत्सुकता

प्रोजेक्ट के के निर्माताओं ने बहुचर्चित फिल्म के एक के बाद एक रहस्यपूर्ण पोस्टर जारी करके फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी है। हाल ही में, दीपिका पादुकोण के जन्मदिन के अवसर पर, निर्माताओं ने फिल्म से उनके पहले लुक का खुलासा किया, जिसने तुरंत इंटरनेट पर तहलका मचा दिया।

इस मंत्रमुग्ध करने वाले पोस्टर में टैगलाइन: ए होप इन द डार्क के साथ डूबते सूरज की छाया में दीपिका की झलक दिखाई गई थी। इससे पहले, निर्माताओं ने प्रभास और अमिताभ बच्चन के पात्रों के सारगर्भित पोस्टर का अनावरण किया। उदाहरण के लिए, प्रभास के पोस्टर में कैप्शन में लिखा था, हीरो पैदा नहीं होते, वे उठते हैं।

बिग बी के पोस्टर में विजयी मुट्ठी का रूपांकन भी मौजूद था, जिसमें लिखा था, लीजेंड आर इम्मोर्टल। प्रत्येक पोस्टर ने नाग अश्विन के निर्देशन के बारे में पूरी जानकारी दिए बिना अपनी कहानी बताई। निर्माताओं द्वारा चुना गया न्यूनतम दृष्टिकोण काफी अनूठा और दिलचस्प है। 'प्रोजेक्ट के' नाग अश्विन की विज्ञान-फाई फिल्म है जिसमें प्रभास, दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और दिशा पटानी ने अभिनय किया है। फिल्म की शूटिंग हिंदी और तेलुगू में एक साथ की जा रही है।

# महान महिला का किरदार निभाएंगी फर्जी में राशि खन्ना



अभिनेत्री राशि खन्ना, राज और डीके की फर्जी के साथ इस साल अपनी पहली अखिल भारतीय रिलीज के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि वो एक महान महिला का किरदार निभा रही हैं। फर्जी के बाद अभिनेत्री की धर्मा प्रोडक्शन की पहली फिल्म योद्धा आएगी।

फर्जी से राशी का पहला लुक जारी करते हुए, निर्माताओं ने पुरुषों की दुनिया में महिला का परिचय दिया है। आत्मविश्वास के साथ मुस्कराते हुए, राशी खन्ना ने पोस्टर में हेडस्ट्रॉन्ग, बॉस लेडी वाइब्स दिए हैं।

फर्जी के पोस्टर के बारे में बात करते हुए, राशि खन्ना ने साझा किया, फर्जी हमारे प्यार का श्रम है और जीवन में मेरी सबसे खास भूमिकाओं में से एक रही है। पोस्टर पूरी तरह से मेरे चरित्र की ताकत, शक्ति और आत्मविश्वास का अनुकरण करने की कोशिश करता है। साथ ही पोस्टर पुरुषों के वर्चस्व वाली दुनिया में अपनी जमीन पर टिकी महिला के रूप में उसका रास्ता बनाता है।

आगे अपने पोस्टर के बारे में अभिनेत्री ने कहा, वह एक सशक्त महिला हैं और राज और डीके के प्रबल नारीवाद का प्रमाण हैं। मैं दर्शकों के सामने फर्जी की दुनिया को उजागर करने के लिए उत्साहित हूं।

### तान्हाजी का किरदार निभाना मेरे लिए सपना और सम्मान की बात: अजय देवगन

बॉलीवुड एक्टर-फिल्ममेकर अजय देवगन की फिल्म 'तान्हाजी: द अनसंग हीरो' को पूरे तीन साल हो गए हैं। इस मौके पर एक्टर ने साझा किया कि कैसे मुख्य भूमिका निभाना एक सम्मान और उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा था। अजय ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा: तान्हाजी की भूमिका निभाना मेरे लिए एक सपना और सम्मान की बात थी। फिल्म ने 2020 की सबसे अधिक कमाई की और हमें दो राष्ट्रीय पुरस्कार भी मिले। उनके प्रोडक्शन हाउस अजय देवगन फिल्म्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के कुछ पलों का एक वीडियो साझा किया और कैप्शन में लिखा है: एक फिल्म जिसने पूरे देश को एकजुट किया। 'तान्हाजी: द अनसंग वॉरियर' 2020 में रिलीज हुई है। फिल्म ओम राउत द्वारा निर्देशित एक ऐतिहासिक एक्शन फिल्म है। फिल्म मराठा योद्धा तान्हाजी मालुसरे के जीवन पर आधारित थी।

# शॉर्ट बॉडीकॉन ड्रेस में जलवा बिखेरती नजर आई जाह्नवी कपूर



बॉलीवड इंडस्ट्री की खुबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फिगर और फैशन स्टैटमेंट्स से फैंस को हैरान करना कभी नहीं भूलती हैं। ग्लैमर की दुनिया में एक्ट्रेस ने इन कदर अपना दबदबा बनाया हुआ है कि लोग उनकी तस्वीरों पर अक्सर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर किए हैं जिसमें वो बोल्डनेस का तड़का लगाती हुई दिखाई दे रही हैं। मिली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर इन दिनों ना सिर्फ अपने लुक्स से बल्कि एक्टिंग से भी फैंस का दिल बखूबी जीत रही हैं। हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट ग्लैमरस फोटोशूट के दौरान की कुछ हॉट तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर का हॉट लुक्स देख कर फैंस एक बार फिर से उनके कातिलाना अंदाज पर अपना दिल हार गए हैं। अभिनेत्री ने इन तस्वीरों में यैलो और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट शॉर्ट ड्रेस पहना हुआ है जिसमें वो बेहद ही गॉर्जियस दिखाई दे रही हैं। ओपन वेवी हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर बी टाउन की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिसे पैपराजी अपने कैमरे में कैद करने के लिए बेताब रहते हैं। जाह्नवी कपूर ने इन तस्वीरों में प्यारी सी स्माइल देते हुए फोटोज क्लिक करवाई हैं, जो उनकी तस्वीरो पर चार चांद लगा रही हैं। जाह्नवी कपूर के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही की शूटिंग में बिजी हैं।

# यामी गौतम ने मधुबाला का किरदार निभाने को लेकर जाहिर की इच्छा

अभिनेत्री यामी गौतम धर ने मधुबाला की बायोपिक में काम करने की इच्छा जाहिर की है। यह पूछे जाने पर कि वह किसकी बायोपिक करना चाहेंगी, यामी ने कहा, सबसे खूबसूरत मधुबाला जी होंगी। मुझे पता है कि कुछ फिल्मों की घोषणा की जा रही है, लेकिन इसका उन घोषणाओं से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा अपने मेकअप रूम में ऐसा कहा है, क्योंकि मैं रात में उनके गाने देखा करती थी। इसलिए रात में, मेरी आज तक यह आदत है, या तो कुछ पुराने गाने या कुछ पुराने इंटरव्यू देखने की। काश, उन अभिनेताओं में से एक अभी भी जीवित होता। अभी बहुत कुछ देखना बाकी था और काश वह होती आज यहां हूं, क्योंकि वह मेरी सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं।

वर्कफ्रंट की बात करें तो यामी के पास अन्य अघोषित परियोजनाओं में चोर निकल के भागा, ओएमजी2 और धूम धाम जैसी परियोजनाएं हैं।



दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-

9303289950, 9827806026, 8962815243



Paul Sir

BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.

रामा कोचिंग

135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स

आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता

बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां

उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है



मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई

9827938211, 9827171332

## खास खबर

### स्वामी आत्मानंद शासकीय विद्यालय में हुआ युवा दिवस का आयोजन

**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा जगदलपुर में युवा दिवस का कार्यक्रम शाला की प्राचार्या श्रीमती मधु कुशवाह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाला के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।क्लास11 वी विवेक बाहेकार ने विवेकानंद का रूप धारण किया। मनीषा कश्यप 11 वी कृषि , प्रकाश सोनी 11 वी कृषि, वेदवती कश्यप 11 वी ,जया सेठिया 9 वी पूनम बघेल 9वी ललित कवासी 9वी ,मुन्नी सोनी, 9वी, राशि कोयल6वी एकता भुदीप 6वी और गौरी नेताम 6 वी द्वारा अनमोल वचन, भाषण, कविता, प्रेरक प्रसंग आदि कार्यक्रम की प्रस्तुतियां दी गयी। इस अवसर पर शाला की प्रचार्या ने विद्यार्थियों से कहा कि विवेकानंद के आदर्शों पर चल कर अपना एवं अपने देश की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हो। आज जहाँ भारत का युवा दिशाविहीन हो रहा है। उनके जीवन को स्वामी विवेकानंद जीवन मे प्रेरणा देते है। इस अवसर पर संस्था के शिक्षक उमेश ठाकुर एवं शिक्षिका श्रीमती उमा साहू द्वारा भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती यास्मीन नेताम द्वारा किया। युवा दिवस के कार्यक्रम में संस्था के समस्त स्टाफऔर समस्त विद्यार्थी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय युवा दिवस पर रक्तदान व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**दंतेवाड़ा।** जिले के एनएमडीसी डीएव्ही पॉलिटेक्निक जावंगा में राष्टीय युवा दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा रक्तदान शिविर आयोजित की गई। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दंतेवाड़ा डॉ. पुजारी, ब्लड बैंक के नोडल ऑफिसर डॉ. देश दीपक, मेडिकल ऑफिसर डॉ. अमन सिंह, डॉ. दिव्या पैथोलॉजिस्ट उपस्थित रहे। युवा दिवस पर आईआईसी सेल द्वारा भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय नैतिक शिक्षा का युवाओं के लिए महत्व था। इसमें कुल 14 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक भूमिका में डॉ अखिलेश यदु, वैभव प्रताप सिंह एवं अरुण साव ने अपना योगदान दिया। भाषण प्रतियोगिता में साहिल कुमार ने प्रथम, रंजू नाग द्वितीय एवं पल्लवी ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रक्तदान हेतु जिला अस्पताल दंतेवाड़ा से डॉ. हितेश ठाकुर, डॉ. अतिक अंसारी, राजू कुमार खटकर, सचिन मसीह, युवराज साहू, उमेश्वरी ठाकुर, खोमेश मौर्य, देवाशीष देवांगन, एवं श्रीमती मालती अधिकारी का योगदान रहा। राष्टीय सेवा योजना के तहत आयोजित इस रक्तदान में महाविद्यालय के न केवल स्टूडेंट्स बल्कि स्टाफ ने भी अपना रक्तदान किया।

# मुख्यमंत्री ने हरिनाथ एकेडमी इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन का किया लोकार्पण

**ढाई करोड़ रूपए की लागत से निर्मित हुआ है सर्व सुविधायुक्त भव्य भवन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के नगर निगम गार्डन के समीप भूतनाथ डे चैरिटेबल ट्रस्ट हरिनाथ एकेडेमी इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल भवन का लोकार्पण स्कूल डे-भवन में संचालित हो रहा था।नये स्कूल भवन का निर्माण 2.50 करोड़ रुपए की लागत स्कूल के मुख्य द्वार पर बेलूर मठ की तर्ज पर 25 फीट का भव्य द्वार भी बनाया गया है।**



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राजधानी रायपुर के नगर निगम गार्डन के समीप भूतनाथ डे चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित हरिनाथ एकेडेमी इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के नए भवन का लोकार्पण किया।

पहले यह स्कूल डे-भवन में संचालित हो रहा था। नये स्कूल भवन का निर्माण 2.50 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है। स्कूल के मुख्य द्वार पर बेलूर मठ की तर्ज पर 25 फीट का भव्य द्वार भी बनाया गया है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विद्यार्थियों से पूछा कि नये भवन में कैसा लग रहा है ? छात्र-छात्राओं ने हाथ उठा कर कहा बहुत अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद की स्मृतियों को संजोने के लिए डे-भवन को अंतर्राष्ट्रीय स्मारक के रूप में विकसित करने के कार्य का आज शुभारंभ हुआ। स्वामी विवेकानंद को उद्धत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी जी ने युवाओं को उठो, जागो और तब तक नहीं रूको जब तक लक्ष्य हासिल न हो। आपको भी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने की दिशा में बढ़ना चाहिए। यदि हिन्दुस्तान के युवा एक साथ मिलकर आगे बढ़ेंगे तो हिन्दुस्तान भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को चरित्रवान, नीतिवान और समाज के होनहार व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर रामकृष्ण मिशन विवेकानंद शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान, बेलूर पश्चिम बंगाल के कुलपति स्वामी सर्वोत्तमानंद जी महाराज ने की। खाद्य और संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, भूतनाथ डे चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. एच.एस. उपाध्याय, विवेकानंद विद्यापीठ रायपुर के संचालक डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अध्यक्ष कुलदीप जुनेजा, नगर निगम के महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, सचिव संस्कृति अन्बलगन पी. भी उपस्थित थे।

युवा दिवस पर युवाओं के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

# युवाओं के हेल्थ चेकअप के लिए लगाया स्पेशल शिविर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। लोगों के स्वास्थ्य का असर शहर के विकास पर भी पड़ता है। इसके लिए क्षेत्र की जनता का स्वस्थ होना भी नितांत आवश्यक है। नगर पालिक निगम भिलाई अपनी सीमा क्षेत्र में रचे-बसे जन के स्वास्थ्य को लेकर भी सदैव अलर्ट मोड में रहता है।**



इसी उद्देश्य की प्रतिपूर्ति करने के लिए महापौर नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत वार्डों में मोबाइल मेडिकल कैम्प लगाए जा रहे है। आज रुंगटा कॉलेज में युवाओं के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके तहत भिलाई निगम से संचालित दो मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं एक दाई दीदी क्लीनिक ने युवाओं का स्वास्थ्य परीक्षण, जरूरी टेस्ट, टेस्ट रिपोर्ट एवं निशुल्क दवाइयां प्रदान की। स्वास्थ्य शिविर के कैंप में युवाओं का अच्छा खासा उत्साह देखने को मिला और युवा बढ़-चढ़कर परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर में पहुंचे। युवक एवं युवतियां दोनों ही इसमें शामिल रही। युवतियों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए तथा महिला संबंधी बीमारियों की जानकारी प्रदान करने के लिए दाई दीदी क्लीनिक का अहम योगदान रहा।उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के मंशा अनुरूप निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण तथा उपचार एवं दवाइयां भिलाई वासियों को प्रदान की जा रही है।

निगम आयुक्त रोहित व्यास ने मोबाइल मेडिकल यूनिट को लेकर निर्देश दिए हैं कि मरीजों की जांच कर लैब में परीक्षण करवाकर शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराएं, ताकि वास्तविक बीमारी का जल्द पता चल सके और इसका समुचित उपचार समय में हो सके। मरीजों के इससे शीघ्र स्वास्थ्य लाभ लेने की संभावना बढ़ेगी। उन्होंने सिस्टम और समुचित तरीके से उपचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि चिकित्सक व मेडिकल स्टाफ अपने निर्धारित समय पर शिविर में अवश्य मौजूद रहे।

# बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने शासन लगातार कार्य कर रही - मंत्री अकबर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कवर्धा।** प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण मंत्री व कवर्धा विधायक श्री मोहम्मद अकबर बुधवार को अपने एक दिवसीय कबीरधाम प्रवास के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। मंत्री श्री अकबर प्रवास के दौरान ग्राम बैरख, कबराटोला में नवनिर्मित नवीन प्राथमिक शाला भवन का विधिवत पूजा-अर्चना कर लोकार्पण किया। इस दौरान मंत्री श्री अकबर ने ग्राम कबराटोला में मंगल भवन के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। मंत्री श्री अकबर ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को नए भवन की बधाई एवं शुभाकामनाएं दी। इस अवसर पर श्री नीलकंठ चन्द्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीमती होरी साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष श्री नीलकंठ साहू, उपाध्याक्ष श्री चोवाराम साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



केबिनेट मंत्री श्री अकबर ने कहा कि शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। बच्चों को अच्छी शिक्षा उपलब्ध हो सके इसके लिए नवीन स्कूल भवनों का निर्माण और जीर्णोद्वार किया जा रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शिक्षा के अधिकार के तहत नि:शुल्क शिक्षा प्रदान की जा रही है। अंग्रेजी में शिक्षा उपलब्ध कराने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल प्रारंभ किए गए हैं। जहां बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही है। लैब, लाइब्रेरी सहित सभी जरूरतों को पूरा कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए योजना के अंतर्गत छात्रवृत्ति प्रदान किया जा रहा है। जिससे अब वनांचल क्षेत्र में रहने वाले बच्चे राष्ट्रीय स्तर के परीक्षा में चयनित होकर इंजिनीयारिंग और डॉक्टर की पढ़ाई कर रहे हैं, वही प्रतियोगी परीक्षाओं में भी चयनित होकर अपनी सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा के लिए शासन लगातार कार्य कर रही है। इसके लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से लाभ पहुंचाया जा रहा है। वही कुपोषण मुक्ति के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं।

# जीआईएस आधारित जिला जल संरक्षण योजना का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के तहत आज धमतरी जिले के सिहावा विधानसभा स्थित रेस्ट हाउस में जिला स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर योजनाओं एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक के अंत में मुख्यमंत्री ने जीआईएस आधारित जिला जल संरक्षण योजना का लैपटॉप पर बटन क्लिक करके शुभारंभ किया।**



जिला विज्ञान एवं सूचना अधिकारी ने बताया कि जल संसाधनों को संरक्षित करने और कृषि कार्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले के परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण, संवर्धन और नवीनीकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जलशक्ति अभियान के तहत यह योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि योजनांतर्गत वर्ष 2021-22 में वर्षा जल संचयन 878 कार्य, पारम्परिक जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार के 733 कार्य, नवीनीकरण और पुनर्भरण संरचना के 145, वाटरशेड विकास के 728, सघन वृक्षारोपण के 1.58 लाख पौधे रोपे गए। इसके अलावा जल स्त्रोतों की गणना एवं उनका जियो टैगिंग कार्य 19 एक हज़ार 740 किया गया है। इसके अलावा जल स्त्रोतों की जानकारी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कर दी गई है। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस पहल के लिए जिला प्रशासन को बधाई दी।

# कैट सीजी चैप्टर ने स्वामी विवेकानन्द जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस, युवा व्यापारियों के साथ मनाया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि आज युवा दिवस के अवसर पर युवा कैट की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया।**



कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने कहा कि आज युवा दिवस के अवसर पर युवा कैट की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया। श्री पारवानी ने बताया कि आज स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती है।

इसे युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होनें आगे बताया कि स्वामी विवेकानन्द जी ने कहा था। कि एक रास्ता खोजो, उस पर विचार करों, उस विचार को अपना जीवन बना लो, उसके बारे में सोचों, उसका सपना देखों, उस विचार पर जीयों, मस्तिक, मांसपेशियों, नसो आपके शरीर के प्रत्येक भाग को उस विचार से भर दो और किसी अन्य विचार को जगह मत दो, सफ्लता का यही रास्ता है।

श्री पारवानी जी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए दी। कैट युवा टीम के प्रदेश अध्यक्ष श्री अवनीत सिंह, प्रदेश महामंत्री श्री अमर धिगांनी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री विजय पटेल ने बताया कि युवा कैट की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया जो निम्नानुसार है :- प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष - दीपक विधानी, प्रदेश कार्यकारी महामंत्री - विक्रांत राठौर, प्रदेश सह कोषाध्यक्ष - पार्थ केवलानी, आई टी सेल प्रभारी - भूपेंदर सिंह खालसा, प्रदेश उपाध्यक्ष- परविंदर सिंह खनूजा, रमेश खोडियार, श्री अविनाश माखीजा, मनीष टिकरिहा, हितेश ओसवाल, हरसुख पटेल, हर्षित सिंघानिया, मोहित अठवानी, विनीत अग्रवाल, रवि मोटवानी, अमृत लाल डालमिया, विकास पंजवानी, प्रदेश संगठन मंत्री- सचिन मोनु सलूजा, उदित अग्रवाल, सुरेश वासवानी, प्रिंस जैन, अभिजीत पांडेय, समीर वेन्सीयानी प्रदेश मंत्री - सुशांत सिन्हा, सोपान अग्रवाल, अमितोज सिंह छाबड़ा, टीकम मोटवानी, जुगल किशोर प्रजापति, अमित चौधरी, संदीप सोनी, रजत अग्रवाल, सतबीर सिंह, दीपेश लालका, धीरज पटेल, सीए ब्रिंदेश सारडा, मनमीत सिंह, आकाश अग्रवाल, चिराग् पाटीदार, सुनील पटेल जय जयसवाल, संदीप गुप्ता, अभिषेक अग्रवाल, रौनक पटेल, विदित राठी, भरत भूषण गुप्ता, सर्वेश दौलतानी, दीपक देवनानी, मोहनलाल धिंगानी, विनोद गंगवानी, केशरीनंदन केशरवानी, अनमोल जैन, हरगोविन्द दौलतानी, संजय रामानी, हर्ष शुक्ला, आशीष माहेश्वरी, संदीप जेठानी, जसराज गुरूनानी कार्यकारिणी सदस्य - संजय पारेख, रूपेश पटेल, रवि गोयल, राहुल केवलानी, नितिन राठी, मोनु जैन, मयंक राठी, गोपाल अग्रवाल, अंकित बागड़ी, अभिषेक चौधरी, गिरिराज रतन मोहता, अमित केशरवानी, कार्तिक राम यादव, संजय कुमार यादव एवं श्री प्रकाश माखीजा आदि।

कार्यक्रम में कैट के पदाधिकारियों मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- अमर पारवानी, विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, राकेश ओचवानी एवं राकेश अग्रवाल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# कुंवरपुर के जलाशय में केज स्थापित कर महिला समूह कर रही हैं मत्स्य पालन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**अम्बिकापुर।** लखनपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंवरपुर में एकता स्व सहायता समूह कुंवरपुर की महिलाएं कुंवरपुर डैम में मत्स्य पालन कर आत्मनिर्भर हो गई हैं। एकता महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष श्रीमती मानकुंवर पैकरा ने बताया कि उनके समूह में कुल 10 सदस्य हैं। लगभग 10 माह पहले मछली पालन करना शुरू किया था। अब तक लगभग 13 लाख रुपये का मछली बेचा है। इसके साथ ही लगभग 4 लाख के मछली बिक्री के लिए तैयार हो गए हैं। मछली पालन से सभी महिलाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। श्रीमती मानकुंवर ने बताया कि केज में मत्स्य विभाग और बिहान की सहायता से तिलापिया और पंगास मछली का पालन शुरू किया। शासन के द्वारा मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत उन्हें 18 लाख का अनुदान दिया गया था। इसके पश्चात उनके सराहनीय कार्य को देखते हुए कलेक्टर कुंदन कुमार ने डीएमएफ से 12 लाख का अनुदान प्रदान किया। समूह के द्वारा प्राप्त अनुदान से कुंवरपुर जलाशय में केज कल्चर मछली पालन का कार्य किया गया। इसके साथ ही समूह की महिलाएं गोठान में विभिन्न प्रकार के रोजगारमूलक कार्य भी करती हैं।



श्रीमती मानकुंवर का कहना है कि उन्हें शासन के बिहान योजना के द्वारा रोजगार का जरिया मिल गया। इस सहायता के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद दिया है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव ( छ.ग. )**

**// नोटिस //**

रा.प्र.क्र.-202206201500046/ अ-6/2022-23

एतद् द्वारा 1. प्रेमा राजपुरिया पति शरद राजपुरिया 2. हिना राजपुरिया पति हरिश राजपुरिया 3. देवल राजपुरिया पिता दिलीप राजपुरिया को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मीना ललित कोटक पिता ठाकरसी दयाल निवासी राज श्रुति इंफा प्रा.लि. वंशदा रोड धरमपुर वलसाद (गुजरात) के द्वारा नगर-कोण्डागांव के मोहल्ला तहसीलपारा स्थित भूमि शीट क्र.- 02 भूखण्ड क्रमांक 462/1 क्षेत्रफल 22803 वर्गफीट भूमि पक्का मकान नजूल संधारण खसरा में प्रेमा राजपुरिया बेवा शरद राजपुरिया, दिलीप कुमार पिता ठाकरसी, हिना बेवा हरीश राजपुरिया सा. देह के नाम पर दर्ज है। आवेदिका के पिता ठाकरसी दयाल जी की मृत्यु दिनांक 15.06.1964 को मृत्यु हो चुकी है। ठाकरसी दयाल के मृत्यु उपरान्त उत्तराधिकारों का नाम दर्ज किया जाना था, किन्तु आवेदिका का नाम दर्ज नहीं किया गया है, नियमानुसार आवेदिका का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदिका द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में दिनांक 20.01.2023 को सुनवाई हेतु नियत की गई है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 20.01.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04.01.2023 को जारी किया जाता है।

**नजूल अधिकारी**
जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# शराब तस्करी पर बड़ा अपडेटः पुलिस कप्तान ने बताया कैसे करते थे स्मगलिंग, दो साल में कई ट्रक किए पार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले में बीती रात धमधा पुलिस ने शराब तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की। धमधा पुलिस ने यहां पर एक ट्रक सहित एक टाटा सफारी व कार से 550 पेटी गोवा शराब जब्त की है। जिले में पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में शराब की तस्करी पकड़ी गई। शराब व जब्त वाहनों को मिलाकर 55 लाख रुपए की जब्ति बनाई गई। इसमें शराब की कीमत 30 लाख से ज्यादा की है। गुरुवार को पुलिस कप्तान ने इस मामले में बड़ा खुलासा किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उन्होंने बताया कि कैसे यह लोग तस्करी कर रहे थे।





बता दें धमधा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शराब की बहुत बड़ी खेप मध्यप्रदेश से अवैध रूप से लाई जा रही है। सूचना के आधार पर पुलिस ने अपना जाल बिछाया और एक ट्रक क्रमांक CG 07 BW 3630 , 1 टाटा सफारी व 1 डैटसन गो कार के साथ 550 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कीमती करीब 30 लाख जब्त किया। साथ में तीनों वाहन भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी विनोद पटेल (42) निवासी कोहका भिलाई मूल निवासी रामपुर सीधी मध्यप्रदेश, दशरथ मीणा (45) निवासी गीता कालोनी सांवेर इंदौर को गिरफ्तार किया है। एक वाहन चालक भागने में सफल हो गया उसकी तलाश की जा रही है।

एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि शराब की तस्करी में पूरा गैंग लगा हुआ है। इनके गैंग में 15 से ज्यादा लोगों के शामिल होने की आशंका है। इनसे जुड़े लोग पहले सड़कों की जांच करते कि कोई खतरा तो नहीं इसके बाद पीछे से शराब से वाहन निकलते थे। पिछले दो साल से यह सभी शराब तस्करी का काम कर रहे हैं और इस दौरान कई ट्रक शराब की तस्करी कर चुके हैं। एसपी ने बताया कि एक और वाहन शराब तस्करी में लिप्त था जो बचकर निकलने में सफ्ल हो गया। महाराष्ट्र रजिस्ट्रेशन वाली गाड़ी एमएच 04 वाई 9189 निकल गया जिसकी तलाश की जा रही है।

### फिल्मी स्टाइल में पीछा कर पकड़ी शराब

अवैध शराब के परिवहन की सूचना मिलने के बाद धमधा पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। इसके बाद पुलिस की टीम ने ट्रक, सफारी व एक कार को चिह्नित किया और पकड़ने की योजना बनाई। पुलिस को देखने के बाद तीनों वाहन चालक भागने लगे। पुलिस ने भी फिल्मी स्टाइल में पीछा किया और तीनों गाड़ियों को रोक लिया। इस दौरान एक कार चालक भागने में कामयाब हो गया वहीं दो पुलिस की गिरफ्त में आए। अवैध शराब के परिवहन की यह अब तक की बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

# लाखों रुपए की हीरे की तस्करी करते तीन गिरफ्तार




**गरियाबंद (ए)।** पुलिस ने लाखों रूपए के हीरे की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पुलिस को मुखबीर से सुचना मिली कि मोटर सायकल हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस क्रमांक सी.जी.07. एफ 6619 काला नीला रंग का जिसमें तीन व्यक्ति पायलीखंड की ओर से नदी पार कर कुलेश्वरी माता मंदिर की ओर कच्ची रास्ता से निकलने वाले है। जो अवैध रूप से अपने कब्जे में बहुमुल्य खनिज पदार्थ हीरा रखे हुए है. सुचना पर स्टाफ व गवाहों के घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। जिसमे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी रेखा प्रसाद उम्र 58 वर्ष, ब्राम्हण भेड़ी थाना अम्बागढ़ चौकी जिला राजनांदगांन के कब्जे से 11 नग छोटा बड़ा बहुमुल्य हीरा जैसा पत्थर कीमती 1,50,000 रूपये व नगदी रकम 3600 रूपये जुमला कीमती 1,53,600 रूपये।

आरोपी नारायण राम टाण्डेकर उम्र 45 वर्ष साकिन उमरदा थाना डोगरगांव जिला राजनांदगांव (छग) के कब्जे से 09 नग बहुमुल्य खनिज हीरा जैसे पत्थर कीमती, 80,000रूपये, नगद राशि 1200 रूपये एवं घटना में प्रयुक्त मो.साय. हीरो होण्डा स्पलेण्डर प्लस क्रमांक सी.जी.07.एक. 6619 कीमती 22,000 रूपये जुमला कीमती 1,13,200 रूपये व आरोपी दुलु राम रावत उम्र 55 वर्ष साकिन इंदागांव थाना इंदागांव, जिला गरियाबंद (छ.ग) के कब्जे से 08 नग हीरा जैसा पत्थर कीमती 70,000 रूपये नगदी राशि 1800 रूपये जुमला कीमती 71,800 रूपये कुल 28 नग बहुमूल्य हीरा पत्थर, कीमती लगभग 3 लाख रुपए को कब्जा में पुलिस के द्वारा लिया गया।

## खास खबर

### तेज रफ्तार ट्रेलर मकान में घुसा, अंदर सो रहा युवक घायल


**बिलासपुर (ए)।** हिर्री क्षेत्र के पेंड्रीडीह में तेज रफ्तार ट्रेलर हाईवे के किनारे मकान में घुस गया। इससे जहां मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, एक कमरे में सो रहे युवक को भी चोटें आई हैं। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की शिकायत पर पुलिस ट्रेलर जब्त कर ड्राइवर की तलाश कर रही है। हिर्री क्षेत्र के पेंड्रीडीह में रहने वाले मोहन नाग रोजी-मजदूरी करते हैं। उन्होंने पेंड्रीडही ओवरब्रिज के पास सकरी बाइपास में मकान और दुकान बनवाया है। इसके एक कमरे में देवचरण साहू किराए पर रहता है। बुधवार की रात देवचरण अपने कमरे में सो रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रेलर डिवाइडर तोड़ते हुए मकान में घुस गया। इससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं, कमरे में सो रहे देवचरण के पैरों में भी चोटें आई हैं। हादसे में कमरे में रखा फ्रीज, बर्तन, मोटरसाइकिल भी मलबे में दबकर क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद ड्राइवर ट्रेलर छोड़कर भाग निकला। इधर दुर्घटना की जानकारी होने पर आसपास के लोगों ने मलबे से घायल को निकालकर अस्पताल भेजा। मकान मालिक ने इसकी शिकायत हिर्री थाने में की है। पुलिस जुर्म दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### आधा दर्जन नक्सल सहयोगी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बीजापुर (ए)।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने अलग-अलग कार्रवाई कर नक्सलियों के छह सहयोगियों को गिरफ्तार किया तथा उनके पास से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की। पुलिस ने बताया कि पुलिस टीम ने भैरमगढ़ और बासागुड़ा थाना क्षेत्र में अलग-अलग कार्रवाई कर संतोष गुप्ता, प्रिंस शर्मा, विजय साहू, शेख फरीद मस्ताव वली शेख मोमिन और मद्दी सत्यानारायण रेड्डी को गिरफ्तार किया।
उन्होंने बताया कि गिरफ्तार संतोष, प्रिंस और विजय बस्तर क्षेत्र के, शेख फरीद और शेख मोमिन आंध्र प्रदेश तथा मद्दी तेलंगाना के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर भैरमगढ़ पुलिस ने कार्रवाई कर संतोष गुप्ता के पास से तीन गोलियां बरामद की। जब संतोष से पूछताछ की गई तब उसने प्रिंस और विजय के संबंध में जानकारी दी। बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने प्रिंस शर्मा से एक रिवॉल्वर भी बरामद की है। इस मामले में विजय साहू को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि जब तीनों से पूछताछ की गई तब उन्होंने बताया कि उन्हें वह हथियार माओवादी हुंगो मडकामी ऊर्फ हुंगा को देना था।

# स्टील कंपनी को फर्जी इनवाइस से लगाया लाखों का चूना, शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** राजधानी रायपुर में एक स्टील फैक्ट्री के संचालक को एक अन्य फर्म के संचालक ने लाखों का चूना लगाया। दरअसल माल की डिलवरी लेने के बाद फर्जी इनवाइस दे दिया और बिल के पैसे देने से आनाकानी करता रहा। स्टील कारोबारी अपने पैसे के लिए लगभग चार साल से परेशान था। अब इस मामले में उसने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में आजाद चौक पुलिस ने रत्नम इण्डस्ट्रीज के संचालक चलपति राव के खिलाफ धारा 420 के तहत केस दर्ज किया है।

आजाद चौक पुलिस के अनुसार सिविल लाइन निश्चय सरावगी की रागसागर पारा राठौर चौक के पास आरके इस्पात उद्योग के नाम से फर्म। 2018 में उसने रत्नम इण्डट्रीज मारूती इनक्लेव टाटीबंद के साथ लोहे का एमएस फ्लैट राउंड एवं स्क्वायर का मेरे साथ सौदा किया था। इसके बाद फर्म ने 15.780 मेट्रिक टन प्लेट का रत्नम इंडस्ट्री के साथ 6 लाख 77 हजार 665 रूपए में सौदा किया। सौदा होने के बाद 21 व 31 जुलाई 2018 को अपने कंपनी के इनवाइस बिल के मार्फत माल ट्रक के द्वारा भिजवा दिया गया था।

माल मिलने के बाद रत्नम इंडस्ट्रीज के संचालक ने बिल का पैसा देने में आना कानी करना शुरू कर दिया। इसके बाद उसने प्रार्थी के दूसरे आरके स्ट्राक्चर प्रा लि सोनडोगरी के नाम फर्जी इनवाइस बिल तैयार कर डाक के द्वारा एचबी वायर 16.480 मेट्रिक टन कीमती 8 लाख 19 हजार 233 रूपए का माल बेचे जाने का फर्जी रसीद भेज दिया। इसके बाद उसने यह कहकर पेमेंट देने से इनकार कर दिया कि हमने माल के बदले माल भेज दिया।

हालांकि बाद में दबाव बढ़ने पर उसने अपनी गलती मानी और आर्थिक परेशानी का हवाला देकर बिल की राशि ब्याज के साथ लौटाने पर सहमत हुआ। सहमति के बाद भी रत्नम इण्डस्ट्रीज के मालिक चलपति राव ने पेमेंट नहीं की। पैसे के लिए आदमी भेजने से पर धमकी देता था। इस मामले में शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

# धान भरे ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत




**बिलासपुर (ए)।** मोपका के गुलाब नगर के सामने मुख्य मार्ग में धान से भरे ट्रक के चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर बाइक सवार को आसपास के लोगों ने अस्पताल भेजा। साथ ही इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। इधर अस्पताल में डाक्टरों ने बाइक सवार को मृत घोषित कर शव चीरघर भेज दिया। पुलिस बाइक नंबर के आधार पर मरने वाली की पहचान में जुटी है।

सरकंडा थाना प्रभारी फैजुल होदा शाह ने बताया कि गुरुवार की रात तेज रफ्तार ट्रक के चालक ने गुलाब नगर के सामने मुख्य मार्ग में बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। आसपास के लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी गई। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ट्रक को कब्जे में लिया है। वहीं, घायल को अस्पताल भेजा गया। अस्पताल में डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर शव चीरघर भेज दिया है। देर रात तक मरने वाले युवक की पहचान नहीं हो पाई थी। बाइक हेमूनगर में रहने वाले युवक के नाम पर है। इसके आधार पर तोरवा पुलिस से संपर्क कर मरने वाले की पहचान कराने कोशिश की जा रही है।

#### पत्नी से झगड़े के बाद हाईटेंशन टावर पर चढ़ा पति

# बार-बार बीवी के मायके जाने से था परेशान पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा



**कोरबा (ए)।** कोरबा जिले के ग्राम धलपुर कछुआपारा में पत्नी से हुए झगड़े के बाद पति हाईटेंशन टावर पर चढ़कर जान देने की धमकी देने लगा। मामला 7 जनवरी का है, लेकिन इसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पति का नाम बीपत राम है, जो कई घंटों टावर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा करता रहा। इधर टावर पर युवक को लटकता देख ग्रामीणों ने पुलिस को खबर की। मामला पसान थाना क्षेत्र का है।

युवक के टावर पर चढ़ने के बाद परिजन और गांववाले उससे उतर जाने के लिए मान-मनुहार करते रहे। गांव के सरपंच दूज राम भी मौके पर पहुंचे और उसे समझाने की कोशिश की। जब वो किसी के भी समझाने पर नहीं माना, तब जाकर पुलिस को कॉल किया गया। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और 3 घंटों तक समझाने-बुझाने के बाद युवक टावर से नीचे उतरने के लिए राजी हुआ। तब तक पुलिस, परिजन और गांववाले परेशान होते रहे।

हाईटेंशन टावर से उतरने के बाद मेडिकल जांच कराकर उसे परिजनों के हवाले किया गया। 30 वर्षीय बीपत राम खेती करता है। वो एक बच्ची का पिता भी है। पत्नी के बार-बार मायके जाने से नाराज होकर उसका विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी को ये भी कहा कि वो घर छोड़कर हमेशा के लिए कहीं चला जाएगा। पत्नी को लगा कि पति रोज की तरह धमकी दे रहा है, लेकिन इस बार वो घर से निकलकर सीधे हाईटेंशन टावर पर चढ़ गया।

ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। उन्होंने इसकी सूचना बीपत राम की पत्नी को भी दी। तब जाकर वो सरपंच दूज राम के साथ वहां पहुंची थी। पसान थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने बताया कि पति-पत्नी दोनों को समझाया गया है। इसके बाद जाकर मामला शांत हुआ।

#### मालगाड़ी पर चढ़कर आत्महत्या की कोशिश

# OHE तार पकड़कर छूने से बुरी तरह झुलसा युवक

श्रीकंचनपथ न्यूज




**सक्ती।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले में सक्ती रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को बड़ी घटना देखने को मिली। यहां 35 वर्षीय युवक मालगाड़ी पर चढ़ गया और OHE तार को छू लिया। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। युवक को पहले सक्ती के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है घटना में युवक 70 फीसदी तक झुलस गया है।

मिली जानकारी के अनुसार सक्ती रेलवे स्टेशन पर आज सुबह लगभग 10.30 बजे एक युवक प्लेटफॉर्म क्रमांक एक पर खड़ी मालगाड़ी के ऊपर चढ़ गया। युवक का नाम धरमलाल यादव (35) बताया जा रहा है जो गढ़गोढ़ी गांव का रहने वाला है। मालगाड़ी पर चढ़ते ही उसने ओएचई तार को छू लिया जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। मौके से डायल 112 को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने घायल धरमलाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया जहां से उसे सिम्स रेफर कर दिया गया।

घटना की जांच के दौरान धरमलाल के परिजनों ने पूछताछ में बताया कि आज सुबह 6 बजे वह घर से निकला था। वह शादीशुदा है और उसके दो बच्चे भी हैं। परिजनों ने बताया कि वह मानसिक रूप से बीमार है और शराब भी पीने का भी आदी है। परिजन इस बात से हैरान है कि वह इतना बड़ा आत्मघाती कदम भी उठा सकता है। फिलहाल इस मामले में पुलिस जांच कर रही है।

भिलाई की सबसे बड़ी
चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### पर्यावरण मित्र समिति ने मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**भिलाई।** पर्यावरण मित्र समिति, भिलाई द्वारा विश्वभर में भारतीय संस्कृति को गौरवान्वित करने वाले महान चिंतक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें सादर नमन किया गया तथा 'राष्ट्रीय युवा दिवस' भी सम्मान पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजन से किया गया। इसके पश्चात उपस्थित गणमान्य व्यक्तियो द्वारा स्वामी के बताए हुए मार्ग पर चलने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर समिति के संरक्षक संतोष कुमार पाराशर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ना केवल भारत देश अपितु सम्पूर्ण विश्व की धरोहर थे, उनके बताए हुए उपदेश आज भी प्रासंगिक हैं। शिकागो में उनके द्वारा दिया गया भाषण और युवाओं को दिया गया लक्ष्य प्राप्ति का मूल मंत्र सार्वजनिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर समाजसेवी प्रशांत क्षीरसागर ने उपस्थित सभी युवाओं को बधाई दी एवं स्वामी विवेकानंद के द्वारा बताए गए उपदेशो का पालन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर अनिमेष,अमित पटेल,हिमांशु जमित,वेद प्रकाश,कमलेश, विकास वर्मा,अंकित, मनीष तिवारी, अनिल कुमार, प्रशांत क्षीरसागर, संतोष कुमार पाराशर सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### सारी सुविधाओं के साथ तैयार इंफ्रास्ट्रक्चर मिलेगा रीपा में उद्यमियों को

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन ने यह दुर्लभ अवसर आप लोगों को प्रदान किया है। रीपा के माध्यम से आपको उद्यम के लिए जमीन दी जा रही है। इसमें पानी, बिजली और शेड की सुविधा है। आपके उद्यम के लिए उद्योग विभाग की योजनाएं हैं बैंक लिंकेंज की व्यवस्था की जाएगी। हमारे एक्सपर्ट आपको यह भी सुझा रहे हैं कि किस तरह के उत्पाद तैयार करें ताकि आपके लिए बाजार सुलभ हो और न्यूनतम प्रतिस्पर्धा में आप अधिकतम लाभ हासिल कर सकें। यह बात रीपा की बैठक में कलेक्टर श्री पुष्पेंद्र कुमार मीणा ने इस संबंध में उद्यम करने के इच्छुक युवाओं को कही। उन्होंने सभी से उनका प्लान पूछा। किसी ने बताया कि वे पेवर ब्लाक पर काम करना चाहते हैं तो किसी ने बताया कि वे नट बोल्ट उत्पादन शुरू करना चाहते हैं।

### सड़क बाधित करने वालों को चेतावनी के साथ की 13,900 रुपए जुर्माना की कार्रवाई

**दुर्ग।** पांच नगरीय निकायों की संयुक्त टीम द्वारा दिनभर पटेल चौक से शुरू किया गया पुराना बस स्टैंड से होते हुए इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड क्षेत्र से लेकर ग्रीन चौक तक में सड़क बाधित कर कारोबार करने वाले व्यवसायियों को अपना अतिक्रमण दुकान के बाहर समान सजाकर रखने वालों के साइन बोर्ड,बैनर पोस्टर जब्ती के साथ 13,900 रुपये जुर्माना की भी कार्रवाही की गई। नगर निगम के अतिक्रमण दस्ता के साथ 5 निकायों ने संयुक्त कार्रवाही करते हुए पटेल चौक से लेकर ग्रीन चौक तक दुकान के बाहर रखें 328 अवैध बैनर,पोस्टर व साइन बोर्ड निगम ने कार्यवाही की।निगम ने शासन के आदेश का पालन करते हुए अभियान का दूसरा दिन भी बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने को अभियान चलाया।

### भिलाई में निगम की बड़ी कार्रवाई

# नंदिनी रोड में हटाए 50 से ज्यादा अवैध कब्जे, खाली कराया सड़क

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। शहर में निगम की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। पावर हाउस के समीप नंदनी रोड में अतिक्रमण के खिलाफदिनभर कार्रवाई की गई। ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए गुरुवार को अवैध कब्जे हटाए गए। सड़कों पर ठेले लगाने वाले लोगों को व्यवस्थित किया गया। 50 स्थानों पर सड़क किनारे हुएअतिक्रमण हटाए गए। इसके साथ ही ऐसे ठेले एवं दुकान जो सड़कों पर लगाए जा रहे थे उन्हें पीछे करते हुए व्यवस्थित कराया गया।**



निगम ने एक निश्चित दायरे में रहकर व्यवसाय करने की हिदायत देते हुए मार्किंग किया गया।

अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा हटाने के लिए जेसीबी की भी सहायता ली गई। अवैध व कबाड़ गुमटियों का सर्वे भी किया गया है। काफी समय से गुमटी आबंटित होने के बाद भी दुकान संचालित नही करने वालो की लिस्ट भी तैयार की जा रही है।

कई व्यवसायियों ने अतिक्रमण करते हुए बांस, बल्ली, तिरपाल आदि की सहायता से सड़क को घेरते हुए व्यवसाय कर रहे थे।

पावर हाउस चौक की ओर से नंदनी रोड जाने वाली सड़क पर इन कारणों से यातायात प्रभावित हो रहा था। इन सभी को देखते हुए आज विशेष अभियान चलाकर नंदनी रोड से अतिक्रमण के खिलाफकार्रवाई की गई।

#### एक दिन पहले किया था कलेक्टर ने निरीक्षण

बता दें एक दिन पहले कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा व निगम आयुक्त रोहित व्यास ने पावर हाउस मार्केट क्षेत्र एवं नंदनी रोड का निरीक्षण किया था। इस दौरान कलेक्टर एवं आयुक्त ने यातायात को सुगम बनाने के लिए अधिकारियों को अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। कलेक्टर के निर्देश पर आज यह कार्रवाई की गई। इस विशेष में जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर अमिताभ शर्मा, सहायक अभियंता अनिल सिंह एवं सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

## यातायात नियम एवं महिला आत्म सुरक्षा पर कार्यशाला का आयोजन




श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** अग्रवाल सेवा समिति खुर्सीपार एवं दुर्ग पुलिस विभाग द्वारा 11 जनवरी 2023 को यातायात नियम एवं महिला आत्म सुरक्षा पर श्री अग्रसेन भवन न्यू खुर्सीपार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में युवक और युवतियों ने भाग लिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि दुर्ग पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में संजय धुर्व, अनंत साहू, प्रभात कुमार, सतीश ठाकुर, श्रीमती शिल्पा साहू, श् मोनिका पांडे, एवं ASI संगीता मिश्रा रहीं।

इस कार्यशाला में सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । अतिथियों के स्वागत पश्चात अग्रवाल सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, महामंत्री रतनलाल अग्रवाल ने कार्यक्रम के प्रारंभ में स्वागत भाषण एवं अभिनंदन करने के पश्चात मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अभिषेक पल्लव के द्वारा उपस्थित युवक और युवतियों को सारगर्भित तरीके से दोनों विषयों पर अपने तर्क रखें। इसके पश्चात यातायात विभाग के द्वारा ट्रैफिक रूल्स को लेकर उपस्थित सभी श्रोताओं को जानकारी दी गई। इसके पश्चात रक्षा टीम के द्वारा शिल्पा साहू मोनिका पांडे ,संगीता मिश्रा के नेतृत्व में उपस्थित युवतियों को आत्मरक्षा के संदर्भ में जानकारी दी गई पूरी कार्यशाला में उपस्थित सभी लोगों ने इस प्रकार की कार्यशाला का प्रशंसा की एवं अग्रवाल समाज और पुलिस विभाग को धन्यवाद दिया।

इस मौके पर पवन अग्रवाल, शिरीष अग्रवाल, तोताराम, सुंदर गुप्ता, प्रेम, मनीष, अशोक बंसल, घनश्याम दास, रामनाथ, निखिल, योगेश, उषा, शारदा, संगीता उपस्थित रहे।

## चेम्बर के सदस्यों ने की एसपी से मुलाकात शहर में पुलिस गश्त बढ़ाने की रखी मांग



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, भिलाई इकाई के प्रतिनिधिमण्डल ने आज पुलिस अधीक्षक दुर्ग डॉ. अभिषेक पल्लव से भेंट की। प्रदेश महामंत्री अजय भसीन व भिलाई अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने औद्योगिक क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों की जानकारी देते हुए एसपी से क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने सहित आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की। इस पर एसपी डॉ. पल्लव ने सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने आश्वासन दिया।

भिलाई उद्योग चेम्बर अध्यक्ष जेपी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शहर में कबाड़ी दुकान के पुनः चालू होने की वजह से चोरों के हौसले बुलंद हो गये और वे लगातार उद्योगों में चोरी कर उसे कबाड़ी में बेच रहे हैं। इसकी वजह से उद्योगपतियों को आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है।

प्रदेश उपाध्यक्ष महेश बंसल ने बताया कि उद्योगों में गार्ड नियुक्त होने के बावजूद सुरक्षा व्यवस्था अपर्याप्त है, क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने की आवश्यकता है। इस संबंध में आज प्रतिनिधिमण्डल ने एसपी दुर्ग से औद्योगिक क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है। प्रतिनिधिमण्डल में जेपी गुप्ता, महेश बंसल, करमजीत सिंह बेदी, संदीप अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, विनय सिंह, डीसी देवांगन आदि उपस्थित थे।

### महिला स्व सहायता समूहों एवं सीआरपी का विधायक ने किया सम्मान

## समूहों के सशक्तिकरण के लिए भूपेश सरकार है प्रतिबद्ध : वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। वरिष्ठ कांग्रेस विधायक एवं राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष अरुण वोरा ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के द्वारा गठित दुर्ग शहर के विभिन्न वार्डों के स्व सहायता समूह की महिलाओं हेतु महिला सम्मेलन सह सीआरपी सम्मान समारोह में महिलाओं को सम्मानित किया।**




आयोजन में दुर्ग शहर के 60 वार्डों से 1500 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से प्रबंधक, सामुदायिक संगठक, तथा सभी वार्डो के सीआरपी उपस्थित रहे। सभी वार्डों से चयनित सामुदायिक स्त्रोत व्यक्ति के रूप में महिलाएं कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर शामिल हुईं। श्री वोरा ने सहायता समूह की महिलाओं को नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। महिला स्व सहायता समूहों की पहली बार कर्ज माफी की गई है साथ ही गौठान योजना, सी मार्ट योजना के माध्यम से लगातार महिला समूहों को रोजगार उपलब्ध करवाने की योजनाएं शासन द्वारा सफलता पूर्वक चलाई जा रही हैं। राज्य शासन की अनेकों योजनाएं स्व सहायता समूहों के लिए विशेष रूप से संचालित हैं। उन्होंने कार्यक्रम में सभी वार्डों से आए हुए सीआरपी को शाल/ श्रीफल एवं नव वर्ष का कैलेंडर भेंट देकर उनके द्वारा वार्डो में किए जा रहे कार्यों की सराहना की द्य स्व सहायता समूह की महिलाओं ने भी अपने-अपने अनुभव वोरा जी से साझा किए द्य अपनी धर्म पत्नी श्रीमती मंजू वोरा के साथ उपस्थित विधायक वोरा ने महिलाओं की समस्याएं सुनकर उनसे कहा की वह शहर के विधायक होने के साथ साथ एक भाई की तरह महिलाओं की समस्याओं का निदान करने के लिए सदैव तत्पर हैं। विधायक अरुण वोरा ने विभिन्न स्व सहायता समूह को एचडीएफसी बैंक के माध्यम से 21 लाख से अधिक की राशि के चेक वितरित किया। इस दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने भी महिला समूहों के कार्यों की सराहना की । महिला कांग्रेस से श्रीमती प्रीति मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। आयोजन में महिला कांग्रेस अध्यक्ष कन्या ढीमर, अपर्णा क्षत्रिय, उषा सिंह एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी व सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## थर्ड जेंडर ने किया यातायात के प्रति जागरूक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। दुर्ग जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन कई इवेंट हुए। गुरुवार को पटेल चौक पर थर्ड जेंडर समुदाय के लोग यातायात जागरुकता का पाठ पढ़ाते दिखे। सैकड़ों लोगों को रोककर तख्ती के माध्यम से हेलमेट लगाने की समझाइश दी गई। लगभग 15 सौ लोगों को रोककर यातायात नियमों की सीख दी गई।**




यातायात सप्ताह के दूसरे दिन डीपीएस स्कूल रिसाली में कुल-950 छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। स्पर्श हास्पिटल के डॉक्टरों द्वारा कुल-90 लोगो का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परिवहन विभाग द्वारा कुल-105 लर्निंग लायसेंस बनाए गए। कृष्णा पब्लिक स्कूल के कुल 224 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। चौक चौराहो पर 1500 से ज्यादा वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के दूसरे दिन की शुरुआत दिन गुरूवार को डीपीएस स्कूल रिसाली से की गई जिसमें प्रातः 8 बजे विद्यालय परिसर में उपस्थित 950 छात्र छात्राओं एवं शिक्षको को उप पुलिस अधीक्षक ( यातायात ) सतीष ठाकुर के द्वारा यातायात नियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। यातायात मुख्यालय नेहरू नगर में लगे प्रदर्शनी स्थल पर स्पर्श हास्पिटल के कर्मचारी डोमन सिंह, बबीता, भारती के द्वारा कुल-90 लोगों का बीपी, शुगर का परीक्षण किया गया। कृष्णा पब्लिक स्कूल छात्र छात्राओं को प्रआर राजमणी सिंह द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

## स्वामी विवेकानंद के जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पर यंग इंडिया रन का आयोजन

**दुर्ग।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार दुर्ग जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस( 12 जनवरी) पर यंग इंडिया रन का आयोजन किया गया, मैराथन की शुरुआत से पहले सांईस कालेज प्रांगण में स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण समस्त उपस्थित जनों द्वारा किया गया। इसके पश्चात मैराथन दौड़ को जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा द्वारा झंडी दिखाकर कर प्रारंभ किया गया। मैराथन दौड़ साइंस कॉलेज दुर्ग से प्रारंभ होकर मालवीय नगर, राजेन्द्र पार्क से होते हुए नानी नाना पार्क में पूर्ण हुई जहां प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर सभा का आयोजन हुआ जिसमें वहां उपस्थित वक्ताओं ने प्रकाश डाला, कार्यक्रम में जिला भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ,प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रशिक्षण प्रमुख अभिषेक सिंह देव ने युवा मैराथन दौड़ को संबोधित किया।

## यंगिस्तान कप 2023 के सातवें दिन खिलाड़ियों और युवाओं ने स्वच्छता के प्रति चलाया जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई नगर। श्रीराम जन्मोत्सव समिति द्वारा आयोजित यंगिस्तान कप 2023 के सातवें दिन आज मैदान में खिलाड़ियों और युवाओं में स्वच्छता के प्रति जागरूकता देखते ही बन रही थी। समिति के युवा सदस्यों और खिलाड़ियों द्वारा मैदान में पहले जमकर सफाई की तत्पश्चात मैच की शुरूआत की गई। युवाओं और समिति के सदस्यों के इस सराहनीय कार्य के लिए समिति के युवा विंग अध्यक्ष मनीष पाण्डेय ने भी सबकी पीठ थपथपाई और साधुवाद दिया।**




उन्होंने कहा कि सफाई हम सबका कर्तव्य है और हमें इसे अपनी आदत बनाना है ताकि हम सब मिलकर भिलाई को एक बार फिर से स्वच्छ बना सकें। इस दौरान मैदान में उपस्थित अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों को छक्का लगाने पर नगद पुरूस्कार भी दिये गये।

यंगिस्तान कप के अंतर्गत आज कुल 16 मैच खेले गये। जिसमें रिसाली दशहरा मैदान मे 6 मैच खेले गये, जहां पहला मैच मरौदा वार्रीयस और ड्रिम इलेवन के बीच खेला गया जिसमें ड्रिम इलेवन ने 44 रन से जीत दर्ज की। वहीं दूसरे मैच में श्रीराम सेक्टर 4 और एमसीए इलेवन सेक्टर 10 के बीच खेला गया, जिसमे एमसीए इलेवन ने 56 रन से जीत हासिल की।

वहीं तीसरे मैच में लगान इलेवन रिसाली और बोल बम सेक्टर 6 के बीच भिड़ंत हुई जिसमें बोल बम ने एकतरफा बिना विकेट खोए 103 रन बना कर जीत दर्ज की। चौथा मैच वांटेड इलेवन और पुलिस लाईन दुर्ग के बीच खेला गया जिसमें वांटेड ने 8 विकेट, पाचवां मैच टीएमसी और आरआर सेक्टर 2 के बीच खेला गया जिसमें टीएमसी ने जीत दर्ज की। इसी क्रम में छठवां मैच महिला टीम नितया इलेवन सेक्टर 7 और डायमंड मरोदा के बीच खेला गया जिसमें डायमंड मरोदा ने जीत दर्ज की। खुर्सीपार में कुल 5 मैच खेले गये जिसमें पहला मैच शिरालेन और ए टू जेड के बीच खेला गया, जहां ए टू जेड ने 56 रन से जीत हासिल की। वहीं दूसरे मैच में सांई इलेवन ने 23 रन, तीसरे मैच में कटप्पा इलेवन ने 57 रन, चौथे मैच में भिलाई चेम्पियन ने 12 रन और पांचवे मैच में सायको ब्वायज ने 20 रन से जीत हासिल की।

इसी तरह राधिका नगर में कुल 5 मैच खेले गये जिसमें पहले मैच में सीजी इलेवन ने 3 विकेट, दूसरे मैच में बैड ब्वायज ने 6 विकेट, तीसरे मैच मे शिवाजी ब्वायज ने 25 रन, चौथे मैच में लायन इलेवन ने 22 रन और पांचवे मैच में जेएसआर ने 22 रन से जीत हासिल की। इस दौरान मुख्य रूप से मुकेश पाण्डेय, विनोद सिंह, श्यामसुंदर राव, रंगबहादुर सिंह, मुकेश सिंह, नवल साहू, यशवंत राजपूत, श्रीनू, आदित्य टोप्पा, अकबर अली, मदन सेन, प्रकाश यादव, अंजय पाण्डेय, जावेद अख्तर, छोटेलाल चौधरी, शंकर केडिया आदि उपस्थित थे।

## आर्ट ऑफलिविंग के साथ स्कूली बच्चों ने किया सूर्य नमस्कार, मेडिटेशन व ध्यान में लगाया मन



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** आर्ट ऑफ लिविंग के तत्वाधान में जयंती स्टेडियम के पास ग्राउंड में विशाल योग शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की खास बात यह रही कि इसमें हजारों स्कूली बच्चों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार किया। इस दौरान मैदान काक नजारा देखते ही बनता था। बच्चों ने सूर्य नमस्कार के मेडिटेशन व ध्यान भी किया। इस आयोजन में दुर्ग सांसद विजय बघेल, निगम आयुक्त रोहित व्यास, महापौर नीरज पाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व आर्ट ऑफ लिविंग के सदस्य उपस्थित रहे।

आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों का ट्रेस को दूर करना है। कोविड काल में जो प्रेशर आया था उसे दूर कर बच्चों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार कराना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य रहा। सामूहिक सूर्य नमस्कार के दौरान बच्चों सभी प्रकार के आसन किए। सूर्यनमस्कार के बाद बच्चों को मेडिटेशन कराया गया। मौके पर उपस्थित सांसद विजय बघेल ने भी बच्चों के साथ सूर्यनमस्कार व मेडिटेशन किया।

#### 6 माह तक दी गई थी ट्रेनिंग

आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा सामूहिक सूर्य नमस्कार को अच्छी तरह कराने के लिए स्कूलों में घूम-घूमकर ट्रेनिंग दी गई। 6 माह तक बच्चों को ट्रेनिंग देने के बाद यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के दौरान यातायात विभाग के अफसर भी मौजूद रहे। इस दौरान डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर ने बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक कराया और नियमों की सीख दी। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा सप्ताह के बारे में भी बताया गया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950